15- MAY- BSP- PG-1_Layout 1 5/16/2024 12:24 AM Page 1

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 16 मई 2024

**पुलिस बल की उपस्थिति में 6 जेसीबी मशीन के साथ लगा रहा स्मार्ट सिटी, निगम का पूरा अमला**

पुराना बस स्टैंड से इमलीपारा तक 80 फीट चौड़ी सड़क में बाधा बनी 86 दुकानों में से लगभग 80 दुकानों को बुधवार को जमींदोज कर दिया गया। सुबह 10 बजे से लेकर रात तक करीब 10 घंटे तक 6 जेसीबी मशीन के साथ स्मार्ट सिटी, निगम का पूरा अमला तोड़फोड़ की कार्रवाई में लगा रहा। तोड़फोड़ की कार्रवाई का शुरुआत में व्यापारियों ने विरोध भी किया और वहां काफी हंगामा भी हुआ, लेकिन बड़ी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति के चलते व्यापारियों का विरोध ठंडा पड़ गया और व्यापारियों में अपनी-अपनी दुकानों के सामान हटवाने अफरा-तफरी मची रही।

## इमलीपारा-बस स्टैंड की 80 दुकानें ध्वस्त


पुराना बस स्टैण्ड के पास दुकान तोड़ने के दौरान निगम अमले से बहस करते व्यापारी।


पुराना बस स्टैण्ड इमलीपारा रोड पर दुकानों को ध्वस्त किए जाने के बाद पड़ा मलबा।

# हंगामा-विरोध के बीच 10 घंटे तक चली तोड़फोड़ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम, स्मार्ट सिटी का अमला एक दिन पहले ही मंगलवार को इमलीपारा और पुराना बस स्टैंड के व्यापारियों को दुकान खाली करने चेतावनी देकर आया था, उस दौरान भी वहां काफी हंगामा हुआ था। उसके बाद बुधवार की सुबह करीब 10 बजे नगर निगम का अमला दलबल के साथ इमलीपारा पहुंचा। निगम अमला के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा और सबसे पहले इमलीपारा रोड को करीब सौ मीटर पहले से बेरिकेड लगाकर ब्लाक किया गया, उसके बाद 6 जेसीबी मशीनों से ताबड़तोड़ दुकानों को ढहाने की कार्रवाई शुरू हुई। इस कार्रवाई को लेकर शुरुआत में संबंधित दुकान वालों ने हंगामा मचाते हुए विरोध भी किया और व्यापारी वहां पर चक्काजाम करने वाले थे, किन्तु मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, इसलिए कुछ देर विरोध के बाद व्यापारी ठंडे पड़ गए और विरोध छोड़ अपने-अपने दुकानों का सामान हटवाने इधर-उधर भागते नजर आए।

■ दुकानों से सामान हटाने व्यापारियों में मची अफरा-तफरी

इमलीपारा रोड से पुराना बस स्टैंड तक गैरेज लाइन की दुकानों से लेकर लैथ वर्क की दुकानें, परफ्यूम, गैस, बैटरी, हार्डवेयर, कपड़ा दुकान, चाय-पान दुकानों को ढहा दिया गया। सुबह से लेकर रात तक लगभग 10 घंटे तक तोड़फोड़ की कार्रवाई चलती रही, जिसमें 86 में से लगभग 80 दुकानों को आज जमीदोंज कर दिया गया है।



### सामुदायिक भवनों में रखवाए गए सामान

तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान अपनी दुकानों से सामान हटवाने व्यापारी सक्रिय रहे, वे सामान हटवाकर किसी दूसरी जगहों पर अपनी व्यवस्था में रखवा रहे थे। वहीं जिन व्यापारियों ने सामान नहीं हटाया, उनकी दुकान के सामानों को हटवाकर पंचनामा बनाकर सामुदायिक भवनों में भी निगम के काउकेचर से भेजा गया। इसी तरह मौके पर कई ट्रक लगे हुए थे, जिससे तोड़फोड़ दौरान जो मलबा निकल रहा था, उसे तुरंत वहां से ट्रकों में भरकर हटवाया जा रहा था।

### व्यापारियों का जगह को लेकर विरोध

तोड़फोड़ की कार्रवाई का पुराना बस स्टैंड व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजय तिवारी सहित संबंधित व्यापारियों ने यह कहते हुए विरोध किया कि उन्हें 15 दिनों का समय दिया जाना था, जो कि नहीं दिया गया। उनका कहना था कि व्यापारियों ने हाईकोर्ट में अवमानना मामला लगा दिया है, किन्तु उससे पहले ही निगम ने तोड़फोड़ की कार्रवाई कर दी। सड़क चौड़ीकरण में प्रभावित दुकान वालों को अस्थाई दुकान लगाने पुराना बस स्टैंड में ले-आउट कर जगह दी गई है। उसका भी व्यापारी यह कहते हुए विरोध कर रहे कि एक तो जो जगह अस्थाई दुकान लगाने दिया गया है, वह शराब दुकान के सामने है और वह जगह भी कांग्रेस भवन के लिए आबंटित है, मामले का कोर्ट में केस भी चल रहा है। इस तरह से वह जगह विवादित है, उसकी जगह कोई अच्छी जगह दुकान लगाने दिया जाना चाहिए।

### की गई है कार्रवाई

इमलीपारा से 80 फीट चौड़ी सड़क बननी है, जो सीधे पुराना बस स्टैंड चौक पर जाकर मिलेगी। इस सड़क चौड़ीकरण में जो दुकानें बाधा बनी हुई थीं, उन्हें आज तोड़ने की कार्रवाई की गई है। इसके लिए व्यापारियों को पहले ही सामान हटाने समझाइश दे दी गई थी, अस्थाई दुकान लगाने पुराना बस स्टैंड परिसर में जगह भी दी गई है।

**- खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

### सक्रिय रहे अधिकारी

नगर निगम कमिश्नर एवं स्मार्ट सिटी के एमडी अमित कुमार के निर्देश पर आज इमलीपारा, पुराना बस स्टैंड एरिया में सुबह से तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू हुई और इस कार्रवाई के दौरान एडीशन कमिश्नर खजांची कुम्हार, सभी जोन के जोन कमिश्नर, भवन अधिकारी सुरेश शर्मा, उप अभियंता जुगलकिशोर सिंह, अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा, कार्यपालन अभियंता प्रवीण शुक्ला, स्मार्ट सिटी महाप्रबंधक राजकुमार मिश्रा, सुरेश बरूआ, उपायुक्त सती यादव सहित निगम का भारी-भरकम अमला पहली बार आज की कार्रवाई में नजर आया। इसी तरह कार्रवाई दौरान पुलिस की ओर से सीएसपी पूजा कुमार, सीएसपी बिरेन्द्र गुप्ता, टीआई सिविल लाइन व कोतवाली सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### 100 दुकानों के लिए अस्थाई ले-आउट

इमलीपारा रोड चौड़ीकरण के लिए जिन दुकानदारों की दुकान टूटी है, उन्हें अस्थाई रूप से दुकान लगाने पुराना बस स्टैंड परिसर में जगह दी गई है। इसमें करीब 78 दुकानें पुराना बस स्टैंड परिसर में जहां पहले राज्य परिवहन का बस स्टैंड हुआ करता था, वहां ले-आउट किया गया है। वहीं 4 दुकानों का ले-आउट पुराना टिकट काउंटर के पास और 18 दुकानों का ले-आउट छाया होटल के पीछे शारदा भोजनालय के पास किया गया है।

### हाईकोर्ट से आदेश बाद निगम ने की कार्रवाई

हाईकोर्ट ने व्यापारियों की याचिका पर स्थगन को समाप्त करते हुए याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही इमलीपारा सड़क चौड़ीकरण के लिए व्यापारियों के कब्जे वाली दुकानों को तोड़ने का आदेश भी दिया है। इमलीपारा रोड के मुहाने पर निर्मित इन दुकानों को हटाने के खिलाफ वहां के व्यापारियों की ओर से पांच याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की गई थी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद व्यापारियों को निगम के समक्ष 15 दिनों के अंदर आवेदन करना होगा और नगर निगम उनके व्यवस्थापन का निर्णय लेगा। इधर दुकानों के व्यवस्थापन के लिए किनारे 9.99 करोड़ की लागत से कामर्शियल काम्पलेक्स बनाने की योजना स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से बनाई गई है और जहां पर कामर्शियल काम्पलेक्स बनना है, उस जगह की भी आज सारी दुकानों को तोड़ दिया गया है।



## खबर संक्षेप

### स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी कल

**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद लाला लाजपत राय शास. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खपरगंज एडमिशन के लिए 17 मई को सुबह 10 बजे लॉटरी निकाली जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानंद लाला लाजपत राय स्कूल में एलकेजी से कक्षा 12 वीं तक के रिक्त स्थानों पर भर्ती के लिए 17 मई को सुबह 10 बजे लॉटरी निकाली जाएगी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी श्रीमती भानु भारती यादव, व्याख्याता, स्वामी आत्मानंद शास.उ.मा.विद्यालय मंगला, वार्ड पार्षद सुश्री शहजादी कुरैशी, समस्त पालकगण एवं अभिभावकों की उपस्थित रहेंगे। एडमिशन के लिए विभिन्न कक्षाओं के कुल 70 रिक्त सीट के लिए कुल 711 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।

### सूरज दिखाने लगा तेवर गर्मी उमस से लोग परेशान

**बिलासपुर।** द्रोणिका व चक्रवाती परिसंचरण के असर से शहर व संभाग समेत प्रदेशभर में मौसम बदला हुआ था। बुधवार को भी आंशिक बादल छाए रहे, लेकिन तापमान में अब बढ़ोतरी का क्रम शुरू हो गया है। ऐसे में अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री दर्ज किया गया। अब लोग एक बार फिर गर्मी और उमस से परेशान हो रहे हैं। इससे माना जा रहा है कि अब तापमान एक बार फिर धीरे-धीरे ही सही, बढ़ने लगेगा। मौसम विज्ञानिक डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण विदर्भ के उपर 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 16 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

# नारायणपुर में कांग्रेस नेता की हत्या, शूटर सहित 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नारायणपुर में कांग्रेस नेता की हत्या करने वाले क्रेटा सवार शूटर सहित दो आरोपियों को पुलिस बीती रात पीछा कर घेराबंदी करते हुए ढेका के खार में पकड़ लिया है। वहीं भिलाई से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

दो दिन पूर्व नारायणपुर जिला के कांग्रेस नेता विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मंगलवार की रात एसपी रजनेश सिंह को सूचना मिली कि हत्या के आरोपी शहर में आकर छिपे हुए हैं और क्रेटा कार में घूम रहे हैं। एसपी सिंह के निर्देश पर एसीसीयू टीम पेण्ड्री बाइपास में तैनात हो गई। पुलिस को देखकर क्रेटा सवार मस्तूरी बाइपास की ओर भागने लगे। पुलिस क्रेटा कार के पीछे लग गई। मस्तूरी बूढीखार टोलप्लाजा के पास कार से एक व्यक्ति निकलकर भाग रहा था। एसीसीयू के प्रधान आरक्षक देवमुन पुहूप, बोधू कुम्हार ने जशप्रीत सिंह को पकड़ लिया। वहीं कार सवार दो लोग ढेका बाइपास की ओर भाग रहे थे। पुलिस उनकी गाड़ी के पीछे लगी हुई थी। पुलिस को पीछा करते देख क्रेटा सड़क में खड़ी कर दो लोग भाग गए। देर रात एडीशनल एसपी उमेश कश्यप ढेका खार पहुंच गए। सहयोग के लिए सर्चडाग बुलाया गया। रात भर आसपास क्षेत्र में सर्चिंग की गई, किन्तु दोनों नहीं मिल रहे थे। रात भर सर्चिंग के बाद बुधवार की सुबह 6 बजे कार के करीब शूटर विश्वजीत नाग मिल गया। वहीं उनका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला है। एसीसीयू की टीम ने दोनों आरोपी व क्रेटा को नारायणपुर पुलिस को सौंप दिया है।


गिरफ्तार किए गए आरोपी।

## तीन आरोपी भिलाई में धरे गए

नारायणपुर के कांग्रेसी नेता विक्रम बैस हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने भिलाई से गिरफ्तार किया है। नारायणपुर पुलिस के इनपुट के आधार पर सैमुएल, रवि रंजन और संदीप उर्फ संजीव यादव को पकड़ा गया है। इन युवकों को पुलिस ने टाउनशिप एरिया के सेक्टर-9 और सेक्टर 7 में दबिश देकर पकड़ा है। बताया जा रहा है कि 2021 में एक बैंक डकैती मामले में भी सैमुएल शामिल था। नारायणपुर पुलिस को संदेह है कि उक्त तीनों आरोपियों का हत्याकांड में बड़ा रोल है। नारायणपुर पुलिस ने तीनों युवकों के नंबर को ट्रेस कर लोकेशन को दुर्ग पुलिस को बताया गया था। उसके बाद तीनों को पकड़ा गया। नारायणपुर पुलिस तीनों को पकड़कर अपने साथ लेकर गई है। घटना नारायणपुर कोतवाली थाना क्षेत्र की वारदात है।

### तीन को पकड़ा गया

नारायणपुर में हुई हत्या के मामले में वहां की पुलिस ने हमसे संपर्क किया था। टीम ने आरोपियों को पकड़ने में सहयोग किया। तीन आरोपी भिलाई के रहने वाले है। आरोपियों की नारायणपुर पुलिस अपने साथ लेकर गई है।

**-जितेन्द्र शुक्ला**
एसपी दुर्ग

### दो दिन पहले हुई थी हत्या

नारायणपुर में सोमवार की रात कांग्रेस नेता विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाइक सवार बदमाशों ने विक्रम को 3 गोलियां मारी थी। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया था। लेकिन तब तक बैस की मौत हो चुकी थी। कांग्रेस नेता विक्रम बैस की उनके घर से 500 मीटर दूर पर हत्या की गई। हमलावरों ने 3 गोलियां मारी इनमें 2 बेस के सिर और एक गोली सीने में लगी। घटना के समय बिजली गुल होना बताया जा रहा है।

## भिलाई की टीम करेगी ड्रोन से सर्वे

# अरपा उद्गम स्थल का फिर से होगा निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिवाईवल कमेटी की बैठक में तय किया गया कि अरपा के उद्गम स्थल का एक बार फिर अगले सप्ताह निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही भिलाई की आईआईटी टीम पूरे क्षेत्र का सर्वे करते हुए रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके साथ ही अरपा के उदगम स्थल को संरक्षित करने के लिए 5 एकड़ जमीन अधिग्रहित करनी होगी जहां एक जल कुंड और स्टाप डेम का निर्माण होगा। यह पूरी रिपोर्ट 26 जून को हाईकोर्ट में पेश की जाएगी।

■ पूरी रिपोर्ट 26 जून को हाईकोर्ट में पेश की जाएगी

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अरपा रिवाईवल कमेटी की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। इसमें अरपा के पुनर्जीवन के संबंध में हाईकोर्ट में दाखिल पीआईएल के बाद कार्यों में आई प्रगति की समीक्षा की गई। जीपीएम कलेक्टर श्रीमती लीना मण्डावी, निगम आयुक्त अमित कुमार एवं भिलाई आईआईटी के निदेशक सहित याचिकाकर्ता अरविन्द कुमार शुक्ला, न्यायमित्र आशुतोष कछवाहा, इकोलॉजिस्ट डॉ. नीरज तिवारी, अतिरिक्त महाधिवक्ता आरके गुप्ता एवं जिला कलेक्टर द्वारा गठित उप समिति के सदस्य शामिल हुए।

### परियोजना का विस्तृत एस्टीमेट होगा तैयार

बैठक में मुख्य चर्चा आईआईटी भिलाई द्वारा प्रस्तुत सर्वे कार्य को प्रारंभ करने एवं विश्लेषित करने पर रहा। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने प्रस्ताव दिया कि आईआईटी के रिसर्च स्कालरों को मुख्य परिस्थितियों से अवगत कराया जाए। इकोलाजिस्ट डॉ. नीरज तिवारी की ओर से बताया गया कि सभी जानकारियों को एकीकृत कर नदी के उद्गम स्थल का भूमि अधिग्रहण कर यथाशीघ्र प्रशासकीय रूपरेखा तैयार की जाए। अतिरिक्त महाधिवक्ताआरके गुप्ता द्वारा आने वाले 26 जून को न्यायालय में प्रस्तुत करने वाले दस्तावेज तैयार करने का सुझाव दिया।

### 6 विभागों ने पेश किया अरपा रिवाइवल प्लान

हाईकोर्ट ने बिलासपुर और गौरेला पेंड्रा मरवाही कलेक्टर को 26 जून को होने वाली अगली सुनवाई में फाइनल रिपोर्ट पेश करने कहा है। इस रिपोर्ट में यह बताना होगा कि आखिर अरपा के उद्गम स्थल से बिलासपुर तक नदी के संरक्षण, संवर्धन के लिए क्या कार्य होंगे। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट के समक्ष निगम सहित 6 विभागों ने अरपा रिवाइवल प्लान पेश किया। जल संसाधन ईई सतीश सराफ ने एनीकट योजनाओं का प्रस्ताव पेश किया। कोर्ट ने आईआईटी भिलाई की एक्सपर्ट टीम को अगली सुनवाई में तलब किया है ताकि प्रस्तुत किए गए प्लान की वायबिलिटी की जांच की जा सके।

### ड्रेनेज वाटर क्लीन होकर ही अरपा नदी में जाए

पिछली सुनवाई में सालसा की ओर से इकोलॉजिस्ट नीरज तिवारी की तरफ से अरपा को साफ रखने संबंधी एक रिपोर्ट पेश की गई। इस पर चर्चा हुई। इसमें कहा गया है कि अरपा के किनारों पर चल रहे ट्यूबवेल को बंद करना होगा। इस पर कोर्ट ने वकीलों की एक टीम बनाने की बात कही है जो कि अरपा नदी के संरक्षण को लेकर चल रहे कार्यों और प्रयासों पर नजर रखेगी। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से कहा गया कि नरुआ-गरुआ बारी योजना के तहत कई छोटे नालों को साफ किया गया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि शासन-प्रशासन यह व्यवस्था करे कि ड्रेनेज वाटर क्लीन होकर ही अरपा नदी में छोड़ा जाएगा।

## 1500 मीटर तक की विजिबिलिटी में भी भर सकेंगे उड़ान

# रोशनी की कमी से अब फ्लाइट कैंसिल नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर एयरपोर्ट को डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविएशन से स्पेशल वीएफआर आपरेशन की अनुमति मिल गई है। इस अनुमति के तहत 1500 मीटर तक की विजिबिलिटी में भी फ्लाइट उड़ान भर सकेंगे और उतर सकेंगे। ध्यान रहे कि 1500 मीटर से कम की दृश्यता बिलासपुर एयरपोर्ट में कभी भी रिकॉर्ड नहीं की गई है। अधिकारियों के मुताबिक सामान्यतया किसी भी विमान की लैंडिंग के लिए न्यूनतम दृश्यता की जरूरत 5000 मीटर होती है, लेकिन चकरभाठा एयरपोर्ट के स्थानीय स्टाफ को स्पेशल वीएफआर के संचालन के लिए हाल ही में 7 दिनों की ट्रेनिंग भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण मुख्यालय द्वारा दी जा चुकी है। इससे पहले 5000 मीटर से कम की विजिबिलिटी होने पर बिलासपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट नहीं उतर पाती थी और उसे कैंसिल या डाइवर्ट करना पड़ता था। बिलासपुर के बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट चकरभाठा की कोई फ्लाइट अब मौसम की खराबी की वजह से न तो कैंसिल होगी और न ही डायवर्ट की जाएगी। एयर स्पेस मैनेजमेंट ने चकरभाठा एयरपोर्ट को स्पेशल वीआरएफ आपरेशन की अनुमति दे दी है। यानी अब ठंड, बारिश में कोहरे के दौरान भी कम विजिबिलिटी के बावजूद फ्लाइट लैंड किए जा सकेंगे।




■ अब ठंड, बारिश में कोहरे के दौरान भी कम विजिबिलिटी के बावजूद फ्लाइट लैंड होंगे

### दिन में 1500 मीटर से कम दृश्यता कभी नहीं रही

स्पेशल वीएफआर आपरेशन के लिए सम्बंधित दस्तावेजों को तैयार कर एयर कंपनी अलायन्स एयर को जमा किया गया और इसी आधार पर अलायन्स एयर ने डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविएशन से स्पेशल वीएफआर ऑपरेशन की अनुमति मांगी थी। इसके बाद डायरेक्टर जनरल ऑफ़ सिविल एविएशन ने 9 मई 2024 को अलायन्स एयर के द्वारा जमा किए गए स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के दस्तावेज के आधार पर बिलासपुर एयरपोर्ट को स्पेशल वीएफआर ऑपरेशन की अनुमति दे दी है।

### नाइट लैंडिंग का काम अटका

दूसरी ओर बिलासपुर बिलासा दाई एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग का काम केंद्र और राज्य सरकार के बीच अटक गया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सैटेलाइट पर आधारित तकनीक का उपयोग करने केंद्र शासन के समक्ष आवेदन किया गया है लेकिन अब तक केंद्र सरकार ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है।

### 4 माह में शासन ने 2 पत्र लिखा

हाईकोर्ट में पिछले दिनों हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि सरकार के द्वारा नाइट लैंडिंग के लिए सैटेलाइट तकनीक के लिए पहला पत्र 17 जनवरी 2014 को लिखा गया, और दूसरा पत्र 29 अप्रैल 2024 को लिखा गया लेकिन जवाब नहीं मिला है। कोर्ट में एविएशन विभाग के एडिशनल डायरेक्टर पंकज जायसवाल और बिलासपुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर एन विरेन सिंह ने बताया है कि राज्य सरकार ने नाइट लैंडिंग के लिए केन्द्र सरकार के डीजीसीए से सैटेलाइट तकनीक का उपयोग करने की अनुमति मांगी है। केन्द्र सरकार से इस पर कोई जवाब नहीं मिल सका है। इस कारण काम पिछड़ रहा है। इसे रिकार्ड में लेते हुए हाईकोर्ट ने डीजीसीए और केन्द्र सरकार से इस पर जवाब मांगा। साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि वह केन्द्र को लिखे हुए दोनों पत्र हाईकोर्ट में प्रस्तुत करें।


JGi THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL
(Affiliated to CBSE, New Delhi, No. 3330064)
A Division of The Jain Group of Institutions, Bangalore
Academic Year 2023-24
Class 10th Toppers Congratulations!
DIST. TOPPER
PRANSHU AGRAWAL 99%
AARYAV TIWARI 98%
SAMIKSHA MAJHI 95.4%
ABHISHEK GHOSLE 94.2%
TANISHQ LALWANI 93.8%
TAANI JAIN 93.6%
SRIJAN PANDEY 93.4%
PRIYAL TIWARI 93.2%
SRISHTI LALWANI 92.6%
VIJAY KUMAR MARKAM 92.2%
DEWANSH AGRAWAL 91.8%
KRISHNA KANT TANDON 91.2%
AMAR AGRAWAL 91%
ARPAN PODDAR 91%
NALINI BHARTI 90.8%
ABHYUDAY TIWARI 90.8%
TANMAYA SAHOO
Class 10th
STATE TOPPER
99.2%
Class 12th Toppers
MEDHAVI JAIN 94.8%
NAILAH US SAHR 94.8%
DIYA BAID 94.4%
RAYON SINGH 92.6%
RISHITA SHRIVASTAVA 91.8%
Admissions Open
For Classes Nursery to XII
ABHIMANYU AGRAWAL
Class 12th
DIST. TOPPER
97.2%
SHRISHTI SONI 91.4%
AARTI SAHU 91%
HARSH SINGH 90.8%
ARSHIA MAKKAD 90.4%
FULLY AIR CONDITIONED
CLASS ROOMS & SEPARATE HOSTELS
(FOR BOYS & GIRLS)
Enroll Your Child & Grab
Up to 100% SCHOLARSHIP
Class 10th
Highest 99.2%
First Division 91.46%
Second Division 8.54%
Class 12th
Highest 97.2%
First Division 92.59%
Second Division 7.41%
Integrated coaching classes for
*SCIENCE, *COMMERCE & *HUMANITIES
07752 - 283281-85
9584461668, 9584461666
School Campus:
Mungeli Road, PO Sakri,
Bilaspur (CG)- 495 003
info@tjisedu.in
www.tjisedu.in
AdPRAYAS

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 16 मई 2024

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




महिलाओं ने किया कन्यादान

## भ्रमण

# विद्या परिषद् ने 40 छात्रों को कराया निशुल्क शैक्षिक भ्रमण



**बिलासपुर।** श्रेष्ठी कुर्मी समाज द्वारा इस बार 10वीं,12वीं कक्षा की बोर्ड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 40 छात्रों को एम फार्मा इंडस्ट्री, इंद्रावती भवन तथा पुरखौती मुक्तांगन रायपुर का निःशुल्क शैक्षिक भ्रमण कराया। समाज के अध्यक्ष घनश्याम कौशिक ने देवरी से बस को हरी झंडी दिखाकर रायपुर के लिए रवाना किया। इसमें 40 छात्र व 10 प्रतनिधि शामिल थे। उन्होंने कहा कि विद्या परिषद् की यह पहल समाज के लिए अच्छा संदेश है, विद्या परिषद अपनी आकांक्षाओं और संभावनाओं और नया विस्तार देकर समाज के सुदृढ़ता में सतत प्रयासरत हैं।सर्वप्रथम प्रतिभावान बच्चों ने 9 एम फार्मा इंडस्ट्री आरंग का भ्रमण कर दवा बनने की पूरी प्रक्रिया को छात्रों ने जाना। छात्रों ने फार्मा क्षेत्र में अपने कैरियर बनाने संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। बच्चों ने टेबलेट, कैप्सूल सिरप, इंजेक्शन फार्मा कंपनियां किन विधियों से बनती है। मैन्युफैक्चरिंग से लेकर पैकेजिंग तक की सभी प्रक्रियाओं को बारीकी से जाना समझा और रोमांचित हुए। तत्पश्चात इंद्रावती भवन रायपुर में विभिन्न शासकीय विभागों की कार्य प्रणाली से छात्र रूबरू हुए।

> समाज के उच्च प्रतिनिधि अभिभावक व छात्रों ने खूब सराहा

### पुरखौती मुक्तांगन में राज्य की संस्कृति से हुए परिचित

शैक्षिक भ्रमण के दौरान छात्रों को पुरखौती मुक्तांगन रायपुर भी जाने का अवसर मिला। जहां छात्रों ने हमारे राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को करीब से जाना । बस्तर की जनजातीय परंपराओं से जुड़े भित्त चित्र, मूर्ति कला, काष्ठ शिल्प, लोक कला आदि को देखकर छात्र लाभन्वित हुए।

### विद्यापरिषद के संयोजक गौरीशंकर के टीम की नई सोच

इससे पूर्व विद्या परिषद् द्वारा पिछले वर्ष आसपास के अंचल के छात्रों के लिए एक वृहद करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया था। और इस वर्ष छात्रों को प्रेरित करने, सम्मानित करने का नया कार्यक्रम शैक्षिक भ्रमण सह गाइडेंस एंड काउंसलिंग 2.0 का अयोजन किया गया।

# समर वैकेशन : कश्मीर, मनाली, लद्दाख केदारनाथ जाना पसंद कर रहे पर्यटक



### ट्रैवल एजेंसी दे रहीं ऑफर

ट्रैवल एजेंट मनप्रीत सलूजा ने बताया कि इस समय इंडिया या ऑउट ऑफ इंडिया कहीं पर भी जाने की बुकिंग करने पर पसपोर्ट फ्री बनाकर दिया जा रहा है। इसके अलावा हॉटलों के रूम बुकिंग पर भी विशेष ऑफर दिया जा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की छुट्टियां लगते ही समर सीजन पर बाहर घूमने जाने का प्लान हर कोई करता है, और इस सीजन में बढधती गर्मी को देखते लोग ठंडे हिल स्टेशनों पर जाने प्लानिंग अधिक कर रहे हैं। यही वजह है कि इस समय कश्मीर, मनाली,लद्दाख व केदारनाथ स्थानों पर जाने बुकिंग पर्यटक करवा करा रहे हैं। वैकेशन होने से हॉटलों के रूम भी तत्काल में मिलना मुश्किल हो गया है, ट्रैवल एजेंट अशीष शर्मा ने बताया कि गर्मी के इस सीजन में सभी हिल स्टेशनों पर हॉटल के रूम के प्राइज बढ़ जाते हैं, जो मिलता भी है उसकी कीमतें सामन्य से दोगुनी रहती है। इस समय फैमली टूर की डिमांड अधिक होती है। इसी को देखते हुए टूर एंड ट्रैवल ने कई ऑफर भी चला रहे हैं। जिसका लाभ वे इनसे बुकिंग

### ऑउट इंडिया की पसंद

ट्रैवल एजेंट देवेनद्र कौशिक ने बताया कि पर्यटक आउड ऑफ इंडिया भी बहुत घूम रहे हैं। इस समर में इंडोनेशिया में बाली, थाईलैंड व स्वीटजरलैंड जैसी जगहों में जाना खूब पसंद कर रहे हैं। यह जगह भी ठंडी रहती है, इन जगहों में पर्यटक अधिक जाना चाह रहे हैं। इसके लिए आकर्षक पैकेज भी दिए जा रहे हैं।



### ट्रैवल गाइड

- समर हो या कोई और सीजन कहीं भी जाने से पहले पर्यटकों को कुछ बातों का ख्याल ध्यान रखना चाहिए।
- जानी पहचानी ट्रैवल एजेंसी से ही पैकेज डील करें।
- ऐसी एजेंसियों से पैकेज फाइनल कारण जिनका छत्तीसगढ़ में ऑफिस हो और भरोसेमंद हों
- एयर टिकट ट्रेन टिकट सब कुछ रवाना होने के पहले हासिल कर लें।
- होटल टैक्सी आदि की पूरी जानकारी लें और हो सके तो वीडियो के जरिए पहले चेक कर लें।
- होटल की बुकिंग रिसिप्ट भी पहले लें जिससे वहां पहुंचने के बाद दिक्कत ना हो।
- जरूरी नहीं कि आप दूर के इलाकों का ही भ्रमण करें छत्तीसगढ़ और इससे लगे राज्यों में भी अनेक क्षेत्र हैं जहां का भ्रमण किया जा सकता है।

### 15 हजार से 50 हजार तक चल रहा पैकेज

ट्रैवल एजेंट मनप्रीत सलूजा ने बताया कि इस समय हिल स्टेशन पर जाने वाले ज्यादा हैं। इन जगहों पर जाने के लिए पर पर्सन पन्द्रह हजार से पैकेज शुरू हो जाता है, ऑउट ऑफ इंडिया जाने के लिए 30 से 35 हजार तक पैकेज शुरू हो जाता है जो कि पचास हजार तक जाता है।

## समर कैम्प

# बच्चों को दी गई रचनात्मक कृतियों की जानकारी



**बिलासपुर।** एसईसीएल में वेलरीड्स द्वारा आयोजित समर कैंप के समापन पर शुक्रवार को रचनात्मक कृतियों की जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न कलाकृतियों, प्रोजेक्ट, क्राफ्ट और पेंटिंग के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति को इच्छानुसार मूर्त रूप देने की कला का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बच्चों से भी बनवाया गया। प्रशिक्षक शुभी एवं अभिजीता ने बच्चों को बताया कि कोई व्यक्ति बचपन से कलाकार नहीं होता है। व्यक्ति के मस्तिष्क में आने वाले विचारों यथा दुख, हर्ष, धार्मिक और सामाजिक कुरीतियों को चित्र, पेंटिंग के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाना ही कला है। इसी कला की प्रशिक्षकों ने विभिन्न माध्यमों से सरल और व्यवहारिक रूप से रोचकता के साथ विस्तृत जानकारी दी। बच्चों ने भी केवल प्रशिक्षण ही नहीं प्राप्त किया बल्कि इस कला को पेंटिंग और चित्रण कर दिखाया। पांच दिनों तक चले समर कैंप का बच्चों ने पूर्ण उपयोग किया। अभिभावकों ने भी वेलरीड्स के समर कैंप की प्रशंसा की।

> एसईसीएल में आयोजित समर कैंप का समापन

# खुशी हमेशा हमारे साथ और हमारे अंदर ही- बीके स्वाति

**बिलासपुर।** हमें अपने जीवन में रुपया-पैसा, खान-पान, कार, सम्पत्ति या पद बहुत कुछ करने के बाद मिलता हैं, ऐसे ही खुशी के लिए भी हम यही समझते हैं कि इसे पाने के लिए भी कुछ करने की जरूरत होती है। इसलिए या तो हम समय का इंतज़ार करते हैं कि ये हो जायेगा तो खुशी मिलेगी, या तो खुशी को हम भौतिक चीजों में तलाशते हैं। इच्छाओं के पीछे भागते हैं कि मेरी ये इच्छा पूरी हो जाए तो मुझे खुशी मिलेगी। दूसरों से अपेक्षा करते हैं या फिर इसे किसी न किसी प्राप्ति से जोड़ देते हैं। इसलिए सच्ची खुशी गुम हो गई है,सच्चाई तो यह है कि स्थान परिवर्तन करने से परिस्थितियां नहीं आएंगी ये हो नहीं सकता। इसलिए आप जहां हैं वहां से ही खुशी की शुरुवात कर सकते हैं। खुशी हमेशा से हमारे साथ और हमारे अंदर ही है। इसके लिए हमें कुछ करने की आवश्यकता नहीं है, बस हमें हर पल खुश रहने की आदत डालने की तथा दूसरों को खुशी देने की की आवश्यकता है। उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुख्य सेवाकेंद्र टेलीफोन एक्सचेंज रोड राजयोग भवन द्वारा केंद्रीय जेल में आयोजित तनाव मुक्त प्रबंधन के दूसरे दिन सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कही।



### खुशी एक शक्ति है

खुश रहने का अर्थ ये नहीं है कि किसी परिस्थिति या फिर हमारे संबंधों द्वारा जो भी नेगेटिविटी हमारे पास आ रही है हम उसे ध्यान न दे, बल्कि ऐसे समय में हमें ये याद रखना चाहिए कि हमारे जीवन की परिस्थितियां अथवा आस-पास के लोग हमारी खुशियां खत्म करने वाले नहीं हैं, वे सब अपना-अपना किरदार बखूबी निभा रहे हैं। समय-समय पर वे हमें चुनौतियाँ दे सकते हैं पर अंततः ये हमारे अपने विचार ही हैं जो हमें खुश रहने नहीं देते हैं। खुश रहना सिर्फ एक मूड नहीं है, बल्कि ये हमें ऐसी शक्ति देता है जिससे हम जीवन में आने वाली किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। ये हमारे मन, बुद्धि और शरीर को शांति, ज्ञान और पॉजिटिव तरीके से कार्य कराने का माध्यम है, इसलिए, समस्याएं हमारी खुशी कम होने का कारण नहीं हैं बल्कि इनसे प्राप्त अनुभवों से हम सीखते और आगे बढ़ते हैं।

### खुश रहेंगे तो दूसरे को खुश कर पाएंगे

परिस्थितियां और लोग जैसे हैं, वैसे ही सहजता से स्वीकार करना उन लोगों के लिए संभव है जो आंतरिक रूप से गुणों और शक्तियों से भरपूर हैं। इन सभी गुण और शक्तियों को हम आध्यात्मिक ज्ञान की मदद से अपने जीवन में ला सकते हैं। हम जितना अधिक आध्यात्मिक रूप से मजबूत होंगे, उतना ही अधिक हम अपने जीवन में उन बदलावों को स्वीकार करने में सक्षम होंगे; जो हमारी पसंद के अनुसार नहीं हैं। खुश रहने वाले लोग ही दूसरों को भी खुश रख सकते हैं। लेकिन अधिकतर ये देखा जाता है कि हमारी खुशियां कम होना शुरू हो जाती हैं क्योंकि हम अपने संतुष्टता के मूल गुण से दूर हो जाते हैं।

> गायत्री परिवार की जिला स्तरीय वर्कशॉप

# घरों में कराए जाएंगे गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा एवं प्रज्वलित अखंड दीपक के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत जिला स्तरीय वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें ब्लॉक समन्वयकों, शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ के व्यवस्थापकों, ट्रस्टीगणों, प्रबंधन समितियों, युवा मंडल, महिला मंडल व सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ को बुद्ध पूर्णिमा के दिन अधिकाधिक घरों में संपन्न कराने का निर्णय लिया।

वर्कशॉप में गृहे-गृहे गायत्री उपासना, यज्ञ, अखंड दीप, रथ यात्रा एवं ग्राम तीर्थ प्रबज्या के संबंध में सभी से सलाह आमंत्रित करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। डॉ. हेमंत कौशिक जोन संगठन समिति के सदस्य, श्रीकांत शर्मा उपजोन संगठन कार्यालय, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, गायत्री प्रज्ञापीठ सरकंडा, रामकुमार श्रीवास सह-समन्वयक, उपजोन बिलासपुर, हेमराज वैश्य मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, गायत्री शक्तिपीठ बिलासपुर, नंदिनी पाटनवार जिला समन्वयक, बिलासपुर, लखन सिंह राजपूत उप जिला समन्वयक, बिलासपुर, शत्रुहन कश्यप ट्रस्टी, गायत्री शक्तिपीठ के साथ ब्लॉक समन्वयकों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने अपना उद्बोधन दिया। मंच संचालन रामकुमार श्रीवास एवं आभार प्रदर्शन द्वारिका प्रसाद पटेल ने किया।



### नए-नए गांव में बनाई जाएगी टोली

वर्कशॉप में निर्णय लिया गया है कि सभी कार्यकर्ता गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ को बुद्ध पूर्णिमा के दिन अधिकाधिक घरों में संपन्न करेंगे। अखंड दीप रथ यात्रा हेतु सभी मिलकर सहयोग करेंगे। ग्राम तीर्थ प्रबज्या के लिए नए-नए गांव में टोली बनाकर श्रमदान के साथ एक दिवसीय सामूहिक साधना, यज्ञ एवं दीप यज्ञ कर पूज्य गुरुदेव के संदेश को सुनाएंगे।

**इनका रहा सहयोग :** वर्कशॉप को सफल बनाने में दिनेश पांडेय, गणेश श्रीवास, साधुराम कौशिक, दाताराम प्रजापति, उधो राम, छेदीलाल कश्यप, जनक राम साहू, शीतल सिंह राजपूत, योगिता साहू, द्वारिका पटेल, कमल सारथी, टी.पी. गौरहा, पद्मलोचन श्रीवास, नारायण पाली, फूल सिंह का सहयोग रहा।

## स्पोर्ट्स न्यूज

# अटल विवि की सॉफ्टबॉल टीम ने जीत के साथ की शुरुआत



**बिलासपुर।** आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता सौंदर्य इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के तत्वधान में आयोजित की जा रही है, जिसमें अटल बिहारी वाजपई यूनिवर्सिटी की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम भी भाग ले रही है। टीम के कोच अख्तर खान ने बताया कि टीम का पहला मैच भूपल नोबेल यूनिवर्सिटी उदयपुर से हुआ जिसमें अटल यूनिवर्सिटी की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से मैच के शुरुवात से ही अपने पाले मे रखा। खिलाड़ी अंकुर, विशाल, देव वर्मा एंव कुलदीप भास्कर ने शानदार प्रदर्शन कर अपने टीम के लिए रन बनाए और बेहतर खेल दिखाया और मैच को 7 -00 से जीत लिया। इस मैच के मैंन ऑफ द मैच सांदीपनी एकेडमी के कुलदीप भास्कर रहे। यूनिवर्सिटी की सॉफ्टबॉल पुरुष टीम का इस प्रतियोगिता मे भाग लेने से पहले प्री कोचिंग कैंप छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में लगाया गया था, जहां चयनित पुरुष खिलाड़ियों को सॉफ्टबॉल खेल की बारीकिया जैसे हिटिंग, पिचिंग ,कैचिंग और मैच टेम्प्रॉमेंट जैसे स्किल की बेहतर प्रशिक्षण दिया गया। टीम ने पहला मैच एकतरफा अपने नाम किया, विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी.एन बाजपाई, कुलसचिव शैलेंद्र दुबे डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ बसंत अंचल, मुकेश घोरे, डॉ.अजय यादव, मनीष सक्सेना, डॉ सतीश गोयल, योगेंद्र यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए पदक की उम्मीद जताई है।

## नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग द्वारा आयोजित बैठक में शामिल हुए कुलपति चक्रवाल

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में दूरस्थ शिक्षा की अहम भूमिका

कार्नर न्यूज

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल को दिल्ली स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम एवं स्व-शिक्षण सामग्री की समीक्षा बैठक में सलाहकार के रूप में आमंत्रित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप मुक्त विद्यालयी शिक्षा के मौजूदा पाठ्यक्रम एवं स्व-शिक्षण सामग्री की समीक्षा की गई। साथ ही एनईपी 2020 के अनुरूप विद्यालयी शिक्षा में विभिन्न आयामों को शामिल करने एवं नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2023 की अनुसंशाओं को अंगीकार करने पर विचार किया गया।

**बिलासपुर।** कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यालयी शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है, जिसमें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की ड्राप ऑउट दर में कमी आएगी। जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अहम बिंदु सकल नामांकन दर को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, मुक्त शिक्षा के माध्मय से सुविधाजनक, सार्वभौमिक, लचीली और समावेशी शिक्षा का विस्तार किया जा सकता है। इससे पूर्व अतिथियों का नन्हा पौधा भेंट कर स्वागत एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया, बैठक में डॉ. अतुल कोठारी जी, राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास संस्थान नई दिल्ली, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की अध्यक्षा प्रो. सरोज शर्मा, डॉ. जे.एस. राजपूत, प्रो. नागेश्वर राव कुलपति इग्नू नई दिल्ली, प्रो. एन.के. अम्बस्ट, प्रो. एम.सी. पंत, डॉ. जयेन्द्र सिंह जादव एवं अन्य शिक्षाविद उपस्थित रहे।



### नवाचार पर बल दिया जाए

कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने पाठ्यक्रम में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा शिक्षण में नवाचार पर अधिक से अधिक शामिल किये जाने पर बल दिया। जिससे दूरस्थ शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि एनआईओएस के देश में फैले मजबूत नेटवर्क के माध्यम से व्यावहारिक कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम में कौशल विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि एनआइओएस के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति की वर्चुअल शिक्षा मुहिम को देशभर में सुगमता के साथ पहुंचाया जा सकता है।

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 19 से

**मुंगेली।** जिला स्तरीय पुरूष महिला शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 19 मई रविवार को बीआर साव उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में प्रातः 9.30 बजे से आयोजित है। स्पर्धा का आयोजन मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा किया जा रहा है। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कुल नगद 5 हजार रुपए, मोमेंटो व मेडल्स पुरस्कार प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने के लिए आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फोटो प्रतिभागियों को लाना अनिवार्य है। स्पर्धा में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों के लिए शुल्क 200 रुपए है। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शाम 4.30 बजे आयोजित होगा।

### निधन

## राजकुमारी सोनवानी



**बिलासपुर।** राजेन्द्र नगर चौक निवासी राजकुमारी सोनवानी का 15 मई को निधन हो गया। वे 50 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे राजा, प्रदीप व संदीप सोनवानी की माता थीं।

## सुरेन्द्र कौशिक



**तखतपुर।** खम्हरिया निवासी सुरेन्द्र कुमार कौशिक का 40 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। वे भगवानी राम कौशिक के छोटे पुत्र एवं वीरेंद्र कौशिक के छोटे भाई थे। इनका अन्तिम संस्कार गृह ग्राम खम्हरिया में किया गया।

## प्रशासन करे प्रयास, नहीं तो बूंद-बूंद को तरसेंगे लोग

# कुआं, तालाबों की अनदेखी से भूजलस्तर पहुंचा रसातल में

## पथरिया क्षेत्र में 400 फीट तक नीचे चला गया है भूजलस्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नगर के सभी 15 वार्डों सहित आसपास के दर्जनों गांवों में हर साल भूजल स्तर नीचे जा रहा है। पांच साल पूर्व नगर में 150 फीट पर पानी मिल जाता था, आज वही भूजलस्तर 400 फ़ीट नीचे चला गया है। भूजलस्तर के रसातल की ओर जाने से नगर के सैकड़ों निजी और शासकीय पम्प बंद हो चुके हैं और जो चल रहे हैं वह बहुत कम मात्रा में ही जल आपूर्ति कर पा रहा है।

42 डिग्री तापमान के बीच नगरवासियों को पीने के पानी और निस्तारी के लिए सुबह और शाम काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। कुछ वार्डों में नगर पंचायत के टैंकर से पानी पहुंच रहा है तो कहीं एक किलोमीटर दूर से पानी लाकर जीवन यापन किया जा रहा है। नगर पंचायत में केवल दो ही टैंकर है इसलिए सभी वार्डो को पानी भी नहीं मिल पा रहा है। भीषण जल संकट से जूझते नगर में अभी से भूजल स्तर को बनाए रखने के प्रयास नहीं किए गए तो नगर में अन्य जगहों से पानी लाकर आपूर्ति करने की नौबत आ सकती है। समय रहते प्रशासन यदि गम्भीरता से प्रयास करेगा तो भीषण जल संकट से बचा जा सकता है।





### सूख रहे बोरिंग के कंठ

नगर में आज सूखते मोटर पम्प और पीने के पानी के लिये तरसते नगरवासियों के बीच यह चर्चा है कि नगर के दर्जनों कुआं और बड़े बड़े तालाब हैं जिसमें 30 साल से अधिक वर्षों से सफाई नहीं हुई है जिसके कारण तालाबों के तल में कीचड़ और मलबे की मोटी परत जम गई है जो पानी को भूमि में जाने से रोकता है। इसी तरह कुओं में भी सफाई नहीं होने कारण वाटर रिचार्ज नहीं होता। यही कारण है कि नगर के सभी तालाबों और कुओं के आसपास भी जल स्तर नीचे जा रहा है। जबकि कुआं और तालाब भरे हुए हैं। नगर के लगभग सभी तालाब और कुआं पानी से भरा हुआ है लेकिन नीचे मलबा होने से पानी निस्तारी योग्य नहीं है।

### क्या कहते हैं नगरवासी

समाजसेवी गुरमीत सिंह बग्गा ने कहा कि भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए कुओं और तालाबों की तलहटी की साफ सफाई और गहरीकरण बिना किसी विलंब के करना होगा। पार्षद दीपक साहू, सम्पत जायसवाल और पूर्व एल्डरमैन कमल नारायण द्विवेदी ने एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपकर नगर के जलस्तर को बनाए रखने विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करने की मांग की है । साथ ही खाली हो चुके एनीकट के गहरीकरण की मांग की है जिससे इस बारिश अधिक पानी रुक सके।

### एफआईआर दर्ज

कुछ असामाजिक तत्वों ने एनीकट का गेट खोल दिया है जिसकी प्राथमिकी पथरिया थाने में दर्ज कराई गई है।
कुमार डाहीरे एसडीओ जल संसाधन

### भेजेंगे प्रस्ताव

सरोवर धरोहर योजना के अंतर्गत नगर के तालाबों के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव भेजेंगे। नगर में पानी की समस्या नहीं होने दी जाएगी।
अमरेश सिंह, सीएमओ, पथरिया

### मानसून से पहले करनी होगी सफाई

नगर के समाजसेवी बलराम जायसवाल ने कहा कि भविष्य के भीषण जल संकट से बचाने के लिये नगर के कुआं और तालाबों की सफाई अनिवार्य हो गई है। यदि बारिश के पूर्व ऐसा किया जाता है तो आगामी वर्ष में पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। यह भविष्य की जरूरत है इसलिए प्रशासन गम्भीरता से काम करें । क्षेत्रीय विधायक और तत्कलीन विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने दूरदर्शीता का परिचय देते हुई नगर में आगर नदी पर एनीकट निर्माण कराकर नगर के भूजल स्तर को बनाए रखने का कार्य किया था। एनीकट में पानी भरे रहने से जल स्तर बना भी रहता था, लेकिन 15 दिन पूर्व असामाजिक तत्वों ने एनीकट खोल दिया और एनीकट का पानी बह गया। एनीकट खाली होते ही नगर का जल स्तर 50 फीट नीचे चला गया।



मौके पर जांच के लिए पहुंचे वन विभाग के अफसर।

## तेंदुए का शिकार कर अंगों को काटकर ले गए तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

- कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज का मामला, सीसीएफ सहित आला अधिकारी पहुंचे मौके पर

दो दिन पहले ही तेंदुए ने तीन बकरियों को अपना निशाना बनाया था जिसके बाद दूसरे दिन तेंदुए को शिकारी ने अपना शिकार बना लिया है और उसके अंगों को काटकर ले भागे हैं। जैसे ही इसकी भनक वन विभाग के अफसर को लगी बिलासपुर से सीसीएफ सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले में छानबीन की जा रही है। प्रारंभिक जांच के दौरान स्थानीय लोगों का हाथ होने की संभावना जताई जा रही है वन विभाग की टीम जल्द ही इस कृत्य को अंजाम देने वाले लोगों धरपकड़ करने की बात कह रहा है।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज के राहा बीट के अंतर्गत आने वाले कक्ष क्रमांक 25 में एक तेंदुए को मृत अवस्था में ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को दी गई। तेंदुए की मौत होने की खबर वन विभाग के अफसर को मिलते ही बिलासपुर सीसीएफ प्रभात मिश्रा, कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत सहित आला अधिकारी दौड़े दौड़े मौके पर पहुंचे जहां वन विभाग के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंचे और शव का निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि तेंदुआ का शिकार किया गया है और उसके महत्वपूर्ण अंगों को काटकर तस्कर ले भागे हैं। सूत्र बताते हैं कि तस्करों ने तेंदुए के दांत, नाखून सहित अन्य अंगों को काट लिया है। वन विभाग की टीम मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया गया है लेकिन जिस तरह से तस्करों ने तेंदुए को अपना निशाना बनाया है इससे स्थानीय लोगों के हाथ होने की संभावना जताई जा रही है।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**//सीमांकन सूचना//**

माननीय न्यायालय अति. तहसीलदार के ज्ञापन दिनांक 22/12/2022 में ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतगंत खसरा नं. 302/8 रकबा 0.190 हे. ए./हे. आवेदक/ भूमि स्वामी हेमादेवी पति चन्द्रकुमार निवासी विनोबानगर बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/ बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 31/5/24 को लगभग 11.00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अतः आवेदक एवं समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**टीप :-** विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/बटांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

पटवारी हल्का 61 के पटवारी श्री मनमोहन सिंह सिदार उपरोक्त आवेदित भूमि के आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदारों का नाम नीचे नियत रिक्त स्थान इन्द्राज कर सूचना तामिल करायें एवं नियत सीमांकन तिथि को संबंधित ग्रामों के अभिलेख सहित कोटवारों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. सकरी**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**//सीमांकन सूचना//**

माननीय न्यायालय अति. तहसीलदार के ज्ञापन दिनांक 22/12/2022 में ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 302/7 रकबा 0.190 हे. ए./हे. आवेदक/ भूमि स्वामी विनोद कुमार पिता/नारायण दास निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 31/5/24 को लगभग 11.00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अतः आवेदक एवं समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**टीप :-** विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/बटांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

पटवारी हल्का 61 के पटवारी श्री मनमोहन सिंह सिदार उपरोक्त आवेदित भूमि के आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदारों का नाम नीचे नियत रिक्त स्थान इन्द्राज कर सूचना तामिल करायें एवं नियत सीमांकन तिथि को संबंधित ग्रामों के अभिलेख सहित कोटवारों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. सकरी**

---

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत,
न्यायालय श्री दिवाकर पाण्डेय
न्यायायुक्त, रांची, झारखण्ड
सिविल अपिल स.-20/2023

अशोक कुमार साबु वगैरह...........अपीलकर्ता
बनाम
अर्चना साबु वगैरह............................ विपक्षी

**नोटिस बनाम**

**श्रीमती ममता महेश्वरी** पत्नी प्रवीण महेश्वरी पुत्री स्व. गोविन्द राम साबु पता - सनसाईन स्कूल बिलासपुर (छतीसगढ़) ।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादी ने आप लोगों के विरूद्ध अपील वाद दायर किया है जिसमें अन्य माध्यम से आप लोगों की उपस्थिति सुनिचित नहीं हो पाई हैं।

एतद द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि उपरोक्त अपील वाद में दिनांक 21/05/2024 को 7:30 बजे पूर्वाहन स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा मामले में उचित आदेश पारित किया जाएगा। इसे सख्त ताकिद जाने ।

आज दिनांक 03/05/2024 को नोटिस मेरे हस्ताक्षर एवं कोर्ट के मोहर द्वारा जारी किया जाता हैं।

मुहर

न्यायायुक्त, रांची
व्यवहार न्यायालय,
रांची झारखण्ड

---

## रेलवे में टीटी की नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार



**गौरेला/मरवाही।** मरवाही पुलिस को रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह को पकड़ने में बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। मरवाही थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कुम्हारी के पूर्व सरपंच पुनीत प्रधान ने मरवाही थाना में रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 12 लाख की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को त्वरित संज्ञान लेते हुए एसपी भावना गुप्ता के निर्देश में एसडीओपी दीपक मिश्रा एवं थाना प्रभारी मरवाही शनीप रात्रे एवं साइबर सेल के संयुक्त टीम गठित की। टीम के द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी जहां पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी की। रेलवे में नौकरी लगवाने वाले दो आरोपी विधानचंद बैरागी और योगेश रजक को मरवाही पुलिस गिरफ्तार कर गिरोह के सरगना की तलाश कर विवेचना में जुट गई है।

## केंद्र सरकार की उपलब्धियां बेमिसालः कौशिक




**बिलासपुर।** जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत पोटका विधानसभा के बीजेपी कार्यालय में बुधवार को चुनावी रणनीति पर वार्ता हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, बेलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह शामिल हुए।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री कौशिक ने कहा सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में पहले मतदान फिर जलपान पर कार्य करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार को पुनः एक बार देश के प्रधानमंत्री पद पर आसिन कराने को लेकर अपने प्रिय प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को क्रम संख्या एक कमल पर बटन दबाकर बिजयी बनाने के संकल्प के साथ आप क्षेत्र में जाए। श्री कौशिक ने कहा नरेंद्र मोदी के कारण आज कश्मीर से धारा 370 हटाई गई, पिछले 9 वर्षों को सभी जनकल्याणकारी योजना और उपलब्धियाँ बेमिसाल है। बीजेपी की सोच के कारण देश में दो संविधान और दो विधान समाप्त हुई। बीजेपी की सरकार ने अपने वादे में अमल करते हुए अलग झारखंड राज्य बनाया। कांग्रेस ने अलग राज्य के आंदोलन को तोड़ने का कार्य किया। जेएमएम और अन्य नामधारी पार्टियों के आंदोलन को खरीदने का कार्य किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गुंजन यादव, उपेंद्र नाथ सरदार, मनोज राम, सूरज मंडल समेत मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2023-24
पक्षकार -आनंद सोनी पिता बृजमोहन सोनी वगैरह -आवेदकगण
**बनाम**
विमल कुमार बुधिया पिता नंदकिशोर बुधिया -अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण आनंद सोनी पिता बृजमोहन सोनी वगैरह निवासी सरजू बगीचा मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चाटापारा शीट नं. 47 प्लाट नं. 9/9 रकबा 1743 व.फु. भूमि स्थित है । उक्त भूमि अनावेदक विमल कुमार बुधिया पिता नंदकिशोर बुधिया के नाम पर नजूल अभिलेख मे दर्ज है । आवेदकगण व्दारा आवेदित भूमि को अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 23.03.2024 के आधार पर क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 06/06/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 14/5/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर(छ.ग.)**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2023-24
पक्षकार -कमल सोनी पिता बृजमोहन सोनी -आवेदक
**बनाम**
शेख अब्दुल गनी पिता शेख अब्दुल -अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल सोनी पिता बृजमोहन सोनी निवासी सरजू बगीचा मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा शीट नं. 26 प्लाट नं. 97/1 रकबा 388 व.फु. भूमि स्थित है । उक्त भूमि अनावेदक शेख अब्दुल गनी पिता शेख अब्दुल के नाम पर नजूल अभिलेख मे दर्ज है । आवेदकगण व्दारा आवेदित भूमि को अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 22.03.2024 के आधार पर क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 06/06/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 14/5/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर(छ.ग.)**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2023-24
पक्षकार -आनंद सोनी पिता बृजमोहन सोनी वगैरह -आवेदकगण
**बनाम**
नंदकिशोर बुधिया पिता स्व. अन्तुलाल बुधिया -अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण आनंद सोनी पिता बृजमोहन सोनी वगैरह निवासी सरजू बगीचा मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चाटापारा शीट नं. 47 प्लाट नं. 9/2 रकबा 1742 व.फु. भूमि स्थित है । उक्त भूमि अनावेदक नंदकिशोर बुधिया पिता स्व. अन्तुलाल बुधिया के नाम पर नजूल अभिलेख मे दर्ज है । आवेदकगण व्दारा आवेदित भूमि को अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 26.03.2024 के आधार पर क्रय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 06/06/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 14/5/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर(छ.ग.)**

---

**न्यायालय अष्टम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बिलासपुर (छ.ग.)**
**"नोटिस"**

उ.प्र.क्र. : 104 ए / 2024
पेशी तारीख : 12.06.2024
प्रोसेस क्र. : 93

किशोर सिंह व अन्य ....आवेदकगण
// बनाम //
आम जनता वगैरह .... अनावेदकगण

प्रति, आम जनता जिस किसी का हित निहित हो

इस माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदकगण के द्वारा स्व. लता सिंह के वैधानिक उत्तराधिकारी/ वारिसान आवेदकगण को घोषित किये जाने हेतु एक उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया गया है जो कि इस न्यायालय में पंजीकृत होकर '' किशोर सिंह व अन्य बनाम आम जनता वगैरह '' उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 104-ए/2024 पेशी तारीख 12.06.2024 को नियत है। अतः उक्त प्रकरण में जिस किसी व्यक्ति, जनता, निकाय, बैंक आदि को किसी प्रकार से अपना कोई दावा आपत्ति पक्ष आदि रखना हो वह पेशी दिनांक 12.06.2024 को सुबह 11.00 बजे न्यायालय में मय आवश्यक दस्तावेज के स्वयं अथवा अधिवक्ता या प्लीडर या जिसको प्रकरण के संबंध में सम्यक अनुदेश दिये गये हो, न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे, अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जावेगा। यदि उक्त पेशी दिनांक 12.06.2024 को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को दिन के 11.00 बजे की जावेगी ।

अतः आज दिनांक 15/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान – बिलासपुर दिनांक – 15/05/2024

**(पार्थ दुबे)**
**न्यायालय अष्टम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 बिलासपुर (छ.ग.)**

---

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मै अपने पक्षकार इमरान सैय्यद पिता सैय्यद नईम, उम्र 32 वर्ष, निवासी- विष्णुनगर पानी टंकी के पास, कुदुदण्ड, थाना- सिविल लाईन, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि मेरे पक्षकार इमरान सैय्यद द्वारा भू स्वामी भरतलाल केवट पिता हेतराम, जाति-केवट, साकिन-ग्राम-सैदा, तह.-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि मौजा- ग्राम- खजुरी (नवागांव), प.ह.नं.-48, रा.नि.म. - पेण्डारी, तह. - सकरी, जिला-बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 396/3, रकबा 0.0160 हेक्टेयर (0.04 एकड़) एवं ख.नं. 1638 / 2 रकबा 0.0080 हेक्टेयर (0.02 एकड़) कुल रकबा 0.0240 हेक्टेयर (0.06 एकड़) भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा दिनांक 14.05.2024 को तय किया जाकर बयाना राशि दिया जा चुका है जिसका निकट भविष्य में भू-स्वामी भरतलाल केवट के द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से पंजीयन किया जाना है।

अतः उक्त वर्णित भूमियों की रजिस्ट्री के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, अर्धशासकीय, निगम, निकाय को कोई आपति हों तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अवैध एवं अमान्य माना जावेगा।

सो सूचना जानें।

दिनांक 15.05.2024

भवदीय
**शफीक अहमद खान अधिवक्ता**
**पता - गली नं.-02, देवीनगर, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर, तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 8349235543**

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

क्रमांक / /क/वा / ना. तह. / 2024
सकरी दिनांक 26/4/2024

**ईश्तहार**

एदत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेसुन, पिता-झलकूराम, निवासी-मोहनभाठा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार आवेदक की बहन स्व. राधाबाई पिता स्व. पुनवा टण्डन की दिनांक 19.10.1999 को ग्राम कुरेली तहसील सकरी जिला बिलासपुर में मृत्यु हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 28/5/2024 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार 4 तहसील सकरी**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-सकरी प.ह.न.00043 अमेरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT2023244011 15800242

**ईश्तहार**

तहसील सकरी के प.ह.न. 00043 के अंतर्गत ग्राम अमेरी के वर्तमान भूमिस्वामी नीलम जैन पिता/पति रितेश जैन पता-विवेकानंद कॉलोनी नगर निगम कॉलोनी के पास बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 125/14 (0.0419) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता रजनी रजक पिता/पति धनतेरस रजक पता- सतनाम नगर अमेरी के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/05/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 4 तहसील सकरी पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/04/2024 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
तहसील सकरी

---

## आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री शशि कुमार सोनी पिता श्री शिवकुमार सोनी निवासी मंगला (धुरीपारा) तहसील व जिला बिलासपुर के नाम पर मौजा ग्राम मंगला प.ह.नं. 21/35 रा.नि.मं. सरकण्डा विकास खण्ड बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि स्तार क्रमांक 22 भू क्रमांक 294 खसरा नं. 1253/4 रकबा 1302 वर्गफिट भूमि हैं जिसका कि मेरे पक्षकार श्रीमती नीतु जैन पति श्री अभय कुमार जैन निवासी एम.आई.जी. 02/22 राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस - 1 कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) वाले से बिक्री करने का पक्का सौदा तय कर बयाना की राशि दी जा चुकी हैं तथा निकट भविष्य में रजिस्ट्री (पंजीयन) होना निश्चित हैं इस सौदे से संबंधित किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करावें, समय सीमा पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही होगा।

सो सूचना जाने।

भवदीय
धनीराम श्रीवास (अधिवक्ता)
कार्या. लख्मी टॉवर व्यापार विहार
बिलासपुर (छ.ग)
मो.नं. 9770849193

---

## सहायक शिक्षक निलंबित

**गौरेला।** गौरेला थाना में पॉक्सो एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध होने के कारण प्राथमिक शाला सड़क टोला के सहायक शिक्षक महेन्द्र कुमार सोनी को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गौरेला नियत किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गौरेला द्वारा दी गई सूचना अनुसार सहायक शिक्षक महेन्द्र कुमार सोनी के विरूद्ध थाना गौरेला में एफआरआई पंजीबद्ध कराया गया है, इसकी पुष्टि थाना प्रभारी गौरेला द्वारा की गई है।

## नवधा रामायण में उमड़ रही भीड़



**मोपका।** वार्ड क्रमांक 48 में प्रथम वर्ष नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। 13 मई को कलश यात्रा के साथ नवधा रामायण प्रारंभ हुआ। नवधा रामायण में लोग दूर-दूर से आकर सम्मिलित हो रहे हैं। सहस्त्र धारा 22 को रखा गया है। ब्राह्मण भोज के साथ 23 मई को रामायण का समापन होगा। मानस प्रेमी दूर-दूर से आकर अपने अपने ढंग से भजनों की प्रस्तुति दे रहे हैं। श्रोता भी सुबह से रात्रि तक राम कथा का रसपान कर रहे हैं।

## नया तालाब में गंदगी निस्तारी में आ रही समस्या

**मोपका।** मोपका के वार्ड 48 में स्थित नया तालाब जो गांव की निस्तारी का सबसे प्रमुख साधन है। वह इन दिनों अपनी हालत पर आंसू बहा रहा है। इसका कारण पास में ही शराब भट्टी होने के कारण लोग यहां पर आकर मंदिर और नया तालाब के चारों तरफ शराब पीते हैं। जिस कारण तालाब डिस्पोजल से भरा पडा है। लोगों ने शराब भट्टी को यहां से दूर स्थानांतरित करने की मांग की है।विगत दो-तीन साल में तालाब में डूब कर दो-तीन लोगों की मौत भी हो चुकी है। यहां से शराब भट्टी हटाया जाने से तालाब का पानी साफ रहेगा और लोग इसको आम निस्तारी के लिए पहले जैसे उपयोग कर सकेंगे।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक / Q/ सीमांकन / रा.नि./ 2024
बिलासपुर, दिनांक- 25/04/2024

प्रति,
1. आवेदक पुष्पलता मिश्रा पति राकेश कुमार मिश्रा आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2 गणेश धुरी सा. कुटीपारा मोपका 3. सिराज मेमन सा. उरतुम 4. आर एन तिवारी सा.मोपका

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत। एवं अन्य सभी हितबद्ध पार

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ना. तह. / वा. /2024 बिलासपुर, दिनांक 19/04/2024

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2351/37 रकबा 0.0140 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक पुष्पलता मिश्रा निवासी बंधवा पारा सरकण्डा के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 17/05/2024 को समय-12.00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका, बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**/ / ईश्तहार / /**

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2023-24
पक्षकार- रितेश सलूजा पिता मदन सिंह सलूजा.....आवेदक
बनाम
अनावेदक मेसर्स एस.के.एस. डेव्हलपर्स खण्डूजा चेम्बर्स व्दारा भागीदार मुल्कराज खंडूजा पिता गंगाराम खंडूजा वगैरह .........अनावेदकगण

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रितेश सलूजा पिता मदन सिंह सलूजा निवासी मेनरोड तेलीपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा शीट नं. 26 प्लाट नं. 103/1, 103/2, 104/1, 104/3, 104/4, 104/5, 104/6 रकबा 1898, 552, 1920, 2176, 960, 1960, 960, 2835 व. फु. एवं शीट नं.27 प्लाट नं. 2/1,2/2 रकबा 1023,1292 व.फु. कुल क्षेत्रफल 15576 व.फु. भूमि पर निर्मित व्यवसायिक परिसर श्याम सदर सराफा के प्रथम तल की प्रकोष्ठ (दुकान) क्रमांक जी-1 रकबा 343.201 व. फु. है। आवेदित प्रकोष्ठ (दुकान) को आवेदक द्वारा अनावेदक मेसर्स एस. के. एस. डेव्हलपर्स खण्डूजा चेम्बर्स व्दारा भागीदार मुल्कराज खंडूजा पिता गंगाराम खंडूजा वगैरह से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17.10.2022 के आधार पर कय कर नामांतरण करने के लिए छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109.110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 06/06/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**/ / ईश्तहार / /**

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2023-24
पक्षकार-प्रदीप सोनी पिता रमेश सोनी.... आवेदक
बनाम
ज्योति सोनी पति गिरधारी लाल सोनी.... अनावेदिका

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रदीप सोनी पिता रमेश सोनी निवासी वार्ड नं. 28 निराला नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा शीट नं. 26 प्लाट नं. 104/6 मे से रकबा 164.5व. फु. (छत छोड़कर) निर्मित व्यवसायिक परिसर श्री श्याम सदर सराफा के भूतल पर निर्मित दुकान क्रमांक जी 13 स्थित है । उक्त दुकान को आवेदक व्दारा अनावेदिका ज्योति सोनी पति गिरधारी लाल सोनी से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31.03.2024 के आधार पर कय कर नामांतरण करने के लिए 0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

ड् इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 06/06/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**/ / ईश्तहार / /**

रा.प्र.क्र./ /अ-6/2023-24
पक्षकार-आनंद सोनी पिता बृजमोहन सोनी वगैरह....... .....आवेदकगण
बनाम
संजय कुमार बुधिया पिता नंदकिशोर बुधिया ....................अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण आनंद सोनी पिता बृजमोहन सोनी वगैरह निवासी सरजू बगीचा मसानगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चाटापारा शीट नं. 47प्लाट नं. 9/10 मे से रकबा 1643 व.फु. भूमि स्थित है । उक्त भूमि अनावेदक संजय कुमार बुधिया पिता नंदकिशोर बुधिया के नाम पर नजूल अभिलेख मे दर्ज है। आवेदकगण व्दारा आवेदित भूमि को अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 23.03.2024 के आधार पर कय कर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 06/06/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

**जीवन ज्योति क्लीनिक** डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

# दो लाख से अधिक गैस कनेक्शन हो सकते हैं ब्लॉक, सब्सिडी भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिलेंडरों की सब्सिडी पाने के लिए लोगों को गैस एजेंसियों में जाकर हर हाल में 31 मई तक अपना सत्यापन करवाना ही होगी। तय समय के बाद भी केवाईसी नहीं कराने वालों के गैस कनेक्शन भी ब्लॉक हो सकते हैं।

केंद्र सरकार की ओर से पिछले साल से यह काम जारी है, लेकिन बताया जा रहा है कि केवाईसी कराने का काम अभी भी 40 फीसदी पूरा नहीं हुआ है, इसलिए खाद्य विभाग और पेट्रोलियम कंपनियों ने लोगों से कहा कि केवाईसी करवा लें। इसके बाद सत्यापन कराने वालों को कई तरह की परेशानी होना तय है। जिले की बात करें तो 2 लाख कनेक्शनधारियों ने अभी तक केवाईसी नहीं कराई है। इनका कनेक्शन ब्लाक हो सकता है तो सब्सिडी भी नहीं मिलेगी। पेट्रोलियम कंपनियों ने साफ कर दिया है कि इस काम को गंभीरता से लें, नहीं तो जून से सिलेंडर मिलने में दिक्कत आएगी। ज्ञात हो कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने पिछले साल नया आदेश जारी कर कहा था कि जिन लोगों के नाम से सिलेंडर है उन्हें गैस एजेंसी में जाकर बताना होगा कि सिलेंडर लेने वाले वहीं हैं। पहले इसके लिए समय सीमा तय नहीं की गई थी, लेकिन अब 31 मई 2024 तक का समय दिया गया है।

- **गैस एजेंसी में जाकर बताना होगा कि सिलेंडर कनेक्शन लेने वाले वही हैं**

इस सत्यापन के लिए लोगों से उनका आधार कार्ड मंगवाया जा रहा है। गैस एजेंसियों को ई-केवाईसी करने के लिए मशीन भी दी गई है। इसमें उन लोगों को अंगूठे का निशान लगाना है जिनके नाम से गैस कार्ड है। केंद्र सरकार की ओर से जारी नए नियम के अनुसार जो लोग ई-केवाईसी नहीं कराएंगे उन्हें सस्ता सिलेंडर या सिलेंडर में मिलने वाली सब्सिडी नहीं मिलेगी। इसलिए किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए तुरंत केवाईसी करवाने कहा गया है।

## एजेंसी जाकर बताना होगा सिलेंडर लेने वाला मैं ही हूं

### फर्जी कनेक्शन होंगे ब्लाक

खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार के नए नियम से फर्जी दस्तावेज देकर सिलेंडर लेने वालों के सिलेंडर ब्लाक हो जाएंगे। उनकी आनलाइन बुकिंग ही नहीं होगी। नए नियम के तहत यह साफ हो गया है कि किसी भी घर में एक ही नाम से दो से ज्यादा सिलेंडर हैं तो दूसरा सिलेंडर ऑटोमेटिक ब्लाक हो जाएगा। यानी एक घर में एक नाम से केवल एक ही सिलेंडर होगा। खाद्य विभाग के मुताबिक केंद्र सरकार ऐसे सभी कनेक्शन को ब्लाक करना चाहती है जो अवैध तरीके से लिए गए हैं। ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए ही केंद्र सरकार ने यह नियम लागू किया है। इसके अलावा एक ही घर में कई सिलेंडर रखने वालों पर भी सख्ती होगी। ऐसे कनेक्शनों की जांच के लिए भी गैस एजेंसियों से कहा गया है।

### ऐसे मिलती है सब्सिडी

उज्जवला योजना के तहत बीपीएल सदस्य के खाते में 372 और आम लोगों को 61 रुपए सब्सिडी के तौर पर वापस मिलते हैं। उज्जवला योजना वालों को भी गैस एजेंसियों में जाकर अपना सत्यापन करवाना है। इसके लिए उन्हें गैस उपभोक्ता नंबर, एड्रेस प्रूफ के तौर पर आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, लीज एग्रीमेंट, वोटर आईडी कार्ड जैसे दस्तावेज के अलावा एक प्रमाण पहचान प्रमाण पत्र के तौर पर आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राज्य या केंद्र द्वारा जारी किया गया कोई भी आइडेंटी कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस की फोटो कापी जमा करनी होगी।

### इस तरह होगी ई-केवाईसी

- अपनी गैस एजेंसी से ई-केवाईसी का आवेदन प्राप्त करना है
- सभी दस्तावेजों की फोटो कॉपी के साथ वापस जमा करना है
- एजेंसी वाले आपके फिंगर प्रिंट्स को स्कैन कर केवाईसी करेंगे
- उज्जवला कनेक्शन वालों के लिए भी यह जरूरी किया गया है

### कालाबाजारी कम होगी

बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करवाने का बड़ा फायदा यह होगा कि सिलेंडरों की होने वाली कालाबाजारी बहुत हद तक कम हो जाएगी। जिससे जरूरतमंद लोगों को सही समय पर सिलेंडर मिलेगा। केवाईसी के लिए कनेक्शनधारियों को कहा जा रहा है।

\- **अनुराग सिंह भदौरिया**, खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप

### शोभायात्रा में शामिल हुए विप्रजन किया भव्य स्वागत



**बिलासपुर।** परशुराम जयंती पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई । शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा में जितेंद्र चौबे, आशुतोष तिवारी, आदर्श दुबे, इंद्रजीत त्रिपाठी, मनीष शर्मा, विवेक दुबे, अमित शुक्ला, ऋषभ चतुर्वेदी, महर्षि आदि शामिल हुए।

### अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने पार्वती को दी पीएचडी



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान की शोधार्थी पार्वती खरे को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने शिक्षाशास्त्र में अपना शोध कार्य डॉ बी.व्ही.रमणा राव के मार्गदर्शन में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों के आध्यात्मिक बुद्धि का उनके आत्मविश्वास एवं शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन विषय में पूर्ण कर डॉक्टर ऑफ फिलोशॉफी पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वे ज्ञानेन्द्र कुर्रे की पत्नी हैं।

### अक्षय तृतीया पर माहेश्वरी मंडल की महिलाओं ने किया कन्या दान



**बिलासपुर।** अक्षय तृतीया में दान का महत्व अधिक है। सभी किसी न किसी का दान जरुर करते हैं। इसी कड़ी में माहेश्वरी मंडल की सखियों ने मंगला चौक स्थित श्रीवास भवन में 8 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान मंडल की अध्यक्ष द्वारा सभी जोड़ों को जरुरत का रसोई बर्तन एवं नकद राशि प्रदान किया गया। शरबत का भी वितरण किया गया। मंडल की सखियों द्वारा सहयोग राशि एकत्र कर वर वधु को आशीर्वाद स्वरूप प्रदान किया गया। यह बहुत पुण्य का काम किया। इस सहयोग से नवदंपति काफी खुश नजर आए। मंडल की अधिकांश सखियां उपस्थित थीं।

### निशुल्क आयुर्वेद व योग चिकित्सा परामर्श शिविर में 75 मरीज लाभांवित



**बिलासपुर।** मातृ दिवस पर 12 मई को क्रांति नगर हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक निशुल्क आयुर्वेद एवं योग चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया। इसमें 75 मरीज लाभान्वित हुए। इसका शुभारंभ डा. नागेन्द्र नारायण शर्मा व मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट-भारतवर्ष की नगर शाखा प्रभारी पूर्णिमा गुप्ता ने की। श्री शर्मा ने शिविर में मधुमेह, ब्लड प्रेशर, दमा, कैंसर, बवासीर, माइग्रेन, थायरॉइड, पथरी, अतिसार, निमोनिया सभी प्रकार के वातरोग, कफज रोग, पित्तज रोग, चर्मरोग तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी प्रकार के सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों से पीड़ति 75 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। शिविर में निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श के अलावा मरीजों की ब्लड शुगर की जांच निशुल्क की गई। शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, पूर्णिमा गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, मयंक गुप्ता, अश्विनी बुनकर, नेत्रनंदन साहू, कमल धारिया, हर्ष नारायण शर्मा एवं मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट बिलासपुर शाखा के पदाधिकारी तथा सदस्यों का योगदान रहा।

### राहगीरों को ठंडा पानी पिलाने भारत स्काउट-गाइड ने खोला प्याऊ घर



**बिलासपुर।** दपूमरे भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय के जिला आयुक्त अनुराग कुमार सिंह (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक) के मार्गदर्शन तथा दिलीप स्वाई, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), दपूमरे बिलासपुर एवं पी मुरली मोहन राव जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) दपूम रेलवे बिलासपुर के नेतृत्व में दपूमरे स्काउट गाइड द्वारा प्याऊ घर खोलकर राहगीरों को शीतल पेय पिलाया जा रहा है। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पास दपूमरे भारत स्काउट एवं गाइड के जिला मुख्यालय के सामने 12 मई से प्याऊ घर खोलकर राहगीरों को शीतल जल के साथ नीबू पानी पिलाया जा रहा है । इस कार्य में जिला संगठन आयुक्त (गाइड) जी ज्योति देव तथा दपूमरे जिला मुख्यालय बिलासपुर के विभिन्न दलों के प्रशिक्षक और विद्यार्थी भी उपस्थित होकर सहयोग कर रहे हैं। यह सेवा पूरे ग्रीष्मकाल तक जारी रहेगा । जिला आयुक्त एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के निर्देशानुसार इस सेवा कार्य के दौरान आने वाले दिनों में आम पना तथा मठा आदि भी पिलाने की योजना है । साथ ही नौतपा के भीषण गर्मी के समय स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन में रेल यात्रियों को शीतल पेय जल उपलब्ध कराने की भी तैयारी की जा रही है ।

## बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने चुनाव जल्द कराने की मांग

# सराफा चुनावः सात बिन्दुओं पर जानकारी मांगी, नहीं देने पर करेंगे कानूनी कार्यवाही

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का चुनाव नहीं होने को लेकर सराफा व्यवसायियों में घमासान मचा हुआ है। 7 जनवरी को होने वाला चुनाव अब तक नहीं होने से बिलासपुर सराफा एसोसिएशन में आक्रोश है। 11 मई को चुनाव संबंधित एक पत्र जारी होने के बाद आक्रोश और ज्यादा भड़क गया है।

चुनाव नहीं कराए जाने और हीलाहवाला किए जाने से बिलासपुर के सराफा व्यवसायी अब खुलेआम पूर्व पदाधिकारियों के विरोध में उतर आए हैं। बुधवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पहुंचे बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि चुनाव को लेकर मंगलवार को बिलासपुर सराफा एसोसिएशन की आपात बैठक हुई है, जिसके बाद छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के कार्यवाहक पदाधिकारियों को पत्र लिखकर अविलंब चुनाव कराए जाने की मांग की गई है। एसोसिएशन के सदस्यों ने रजिस्ट्रार से निष्पक्ष चुनाव कराने आवदेन देने तैयारी कर ली गई है। बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के वास्तविक सदस्यों की संख्या का मुद्दा भी उठा। पत्रवार्ता के दौरान सचिव अजय सराफ, कोषाध्यक्ष राजेश शाह, कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील सोनी, संरक्षक अनिल गुप्ता,उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, श्रीकांत पांडेय और कार्यकारिणी सदस्य शशांक स्वर्णकार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।




### मतदाता सूची से कई सदस्यों के नाम काटे

अध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि छ.ग. सराफा एसोसिएशन के कार्यकारिणी की अंतिम बैठक 23 जुलाई 2023 को हुई थी। उसमें जल्द चुनाव कराने का निर्णय लिया था, क्योंकि कार्यकाल 2022 में खत्म हो गया था। बैठक में चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। कई जिला संगठन के विरोध के बाद 7 जनवरी 2024 को आम सभा हुई, जिसमें सदस्य चुनाव की पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे, लेकिन चुनाव नहीं कराया गया। उसी दिन यह तय किया गया कि पांच संभाग से पांच चुनाव अधिकारी होंगे और उसके बाद जल्द चुनाव कराया जाएगा इसके बाद जारी मतदाता लिस्ट में से कई सदस्यों और संगठन के पदाधिकारियों के नाम काट दिए गए।

### तीन दिन में मांगा जवाब

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने कार्यवाहक अध्यक्ष,सचिव,कोषाध्यक्ष से 7 बिंदुओं पर जानकारी तीन दिनों के भीतर मांगी है। जिसमें चुनाव कराए जाने को लेकर किया जा रहे प्रयास,23.7.2023 को हुई मीटिंग से संबंधित दस्तावेज, नवीन सदस्यों की संशोधित मतदाता सूची, 7 जनवरी 2024 को वार्षिक आमसभा में लिए गए निर्णय से संबंधित दस्तावेज, 2019 से 2024 तक तैयार की गई ऑडिट रिपोर्ट और खर्चों का लेखा-जोखा, 2019 से 2024 तक धारा 27,28 के अंतर्गत जानकारी,दस्तावेज ऑडिटेड बैलेंस शीट,सर्राफा एसोसिएशन के सभी मूल दस्तावेज, रजिस्टर, लेखा-जोखा की मांग की गई है। तीन दिवस के अंदर इन सभी का जवाब नहीं मिलने पर बिलासपुर सर्राफा एसोसिएशन ने सभी पदाधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### 1 साल से चुनाव प्रक्रिया को लगातार टाला जा रहा

सराफा एसोसिएशन के श्री सोनी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते 7 मई के बाद चुनाव की बात कही गई थी। लेकिन अचानक 11 मई को पत्र जारी किया गया। जिससे चुनाव और आगे टालने की मंशा झलक रही है। 1 साल से चुनाव प्रक्रिया को लगातार टाला जा रहा है। छ.ग. सराफा एसोसिएशन का चुनाव नहीं होने से व्यापारियों आक्रोश है। हमेशा से ही प्रदेश संगठन में रायपुर के चुनिंदा सराफा व्यापारियों का दबदबा रहा है। बिलासपुर बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सराफा व्यापारियों को प्रदेश संगठन के प्रमुख पद पर आने नहीं दिया जाता है। यह संगठन पूरे तरीके से राजधानी केंद्रित हो गया है। इसमें बदलाव की जरूरत है। इसकी मांग की जा रही है।

## प्री-मानसून मेंटेनेंस

# 18 मई तक अलग-अलग क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**बिलासपुर।** बारिश से पहले बिजली विभाग 11 और 33 केवी सब-स्टेशन फीडर्स में मेंटेनेंस वर्क कर रहा है, जिसके चलते भीषण गर्मी में 18 मई तक अलग-अलग इलाकों में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक 3 घंटे बिजली बंद रहेगी।

बिजली सरप्लस राज्य छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी में शहर से लेकर गांव तक मेंटेनेंस के नाम पर बिजली की अघोषित कटौती चल रही है, जिससे लोग हलाकान हैं। गांव में तो बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे हैं, वहीं शहर में भी बुरा हाल है। बिजली आने और जाने का कोई टाइम नहीं है। हर साल बिजली विभाग में तकनीकी दिक्कत न आए इसके लिए तीन हजार करोड़ रुपए मेंटेनेंस के नाम पर खर्च किए जाते हैं, लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर सिर्फ पेड़ों की टहनियों की कटाई कर औपचारिकता निभाई जाती है। एक बार फिर प्री-मानसून मेंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद करने का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार को भारतीय नगर सबस्टेशन में 11 केवी प्रियदर्शनी नगर फीडर, सलूजा बिहार फीडर व तालापारा फीडर में मेंटनेंस का काम किया गया। इसके चलते प्रियदर्शनी नगर, अज्ञेय नगर और आसपास, भारतीय नगर, सलूजा व आसपास, तालापारा व आसपास क्षेत्र में बिजली बंद रही।

### आज और कल यहां बंद रहेगी बिजली

बिजली विभाग गुरूवार 16 और 17 मई को ईदगाह चौक, पुलिस लाइन, इमलीपारा, अग्रसेन चौक, मसानगंज, मिशन स्कूल, छत्तीसगढ़ भवन, मिलन चौक, कुदूदंड माता चौरा, कोल सर्वे और आसपास, चांटापारा, गोंड़पारा, सिम्स हास्पिटल रोड, वाल्मिकी चौक, शनिचरी बाजार, अशोक राव गली, प्रताप चौक, तिलक नगर, करुणा चौक, उदल चौक, गोलबाजार, मिशन हास्पिटल, मध्यनगरी चौक, तिलक नगर व छत्तीसगढ़ भवन के आसपास, ऑडिटोरियम के आसपास क्षेत्र में बिजली बंद कर यहां मेंटेनेंस करेगा।

### 18 मई को इन क्षेत्रों में मेंटेनेंस

18 मई को सेंट फ्रांसिस, शांतिनगर, मंगला चौक, शिवम हाइट्स, अमेरी रोड, ठेठा डबरी, गंगा नगर, मुंदड़ा हास्पिटल, रोमेन हाइट, परिजात कालोनी, श्रीराम विहार, परिजात शील, ओम गार्डन, अर्चना विहार, शुभम विहार, ओम जोन, मिनोची कालोनी, ग्रीन गार्डन, नंद विहार, बचपन स्कूल के आसपास, नर्मदा नगर, नेहरू नगर समेत आसपास के क्षेत्रों में तीन घंटे तक बिजली बंद रहेगी।

## साढ़े 6 हजार स्टूडेंट हो रहे शामिल

# शहर के 12 केंद्रों में शुरू हुआ कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट सीयूईटी यूजी एग्जाम 15 मई से शुरू हो गई है जो 18 मई तक चलेगी। सीयूईटी एग्जाम शहर के 12 सेंटरों में दो पालियों में हो रहा है, जिसमें लगभग साढ़े 6 हजार स्टूडेंट शामिल हो रहे हैं। बुधवार को सीयूईटी एग्जाम का पहला दिन था।

कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट सीयूईटी यूजी 2024 एग्जाम आज से शुरू हो गया है। शहर में डीपीएस, केपीएस, द जैन इंटरनेशनल, सेंट जेवियर्स, सेंट फ्रांसिस, रेलवे स्कूल, आधारशिला, बाल भारती एनटीपीसी स्कूल आदि 12 एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटरों में आज पहले पाली में सुबह 10 से 12 बजे तक तथा दोपहर में 3 से 6 बजे तक परीक्षा हुई। इसमें साढ़े 6 हजार बारहवीं पास स्टूडेंट शामिल हुए हैं जो किसी यूनिवर्सिटी, उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में एडमिशन लेना चाहते हैं। सीयूईटी एग्जाम 18 मई तक चलेगा और अलग-अलग दिन अलग-अलग विषयों की परीक्षा होगी। सीयूईटी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित की जाती है और इससे स्टूडेंट को देशभर के विवि में एडमिशन का अवसर मिलता है।



## बंधवापारा में शिवमहापुराण कथा, हर दिन उमड़ रही भीड़

**बिलासपुर।** बंधवापारा सरकण्डा गीता पब्लिक स्कूल के पास श्री शिव महापुराण संगीतमय कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। इसमें कथावाचक पं. हनुमान प्रसाद तिवारी देवरघटा द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा का श्रवण करने संस्कृति स्व सहायता समूह एवं समस्त मोहल्लेवासियों सहित आसपास के श्रद्धालु प्रतिदिन भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। कथावाचक पं. हनुमान प्रसाद ने शिव-पार्वती शादी की कथा के बारे में प्रकाश डाला। शिव-पार्वती की झांकी भी सजाई गई। इसका उपस्थित सभी लोगों ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। गुरुवार 16 मई को कार्तिक जन्म चरित्र पर कथा होगी। शुक्रवार 17 मई को जलंधर चरित्र, कथा विश्राम, चढ़ोतरी, विल्द वर्षा, हवन, कपिल तर्पण, सहस्रधारा के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कथा के मुख्य यजमान रामशरण व मांडवी पाण्डेय हैं।

## रक्तदाताओं को मिलेगा उपहार

# शहर के खाली ब्लड बैंक को भरने रक्तदान शिविर 19 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के निजी और सरकारी ब्लड बैंक खाली पड़ गए हैं, इस विकट स्थिति मे थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए भीषण गर्मी मे रक्त जुटाने कई सामाजिक संगठन एकजुट हुए हैं।

रक्तदान के क्षेत्र मे 13 साल से काम कर रहे जज्बा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक संजय मतलानी ने प्रेस क्लब मे पत्राकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विश्व थैलेसीमिया दिवस महज एक अवसर है, रक्त की जरूरत पूरा करने का। उनका संगठन ऐसे शिविरों का आयोजन नियमित करता रहता है। अभी स्थिति खतरनाक हो गई है सभी ब्लड बैंक लगभग खाली हो गए है,इसलिए 19 मई को शहर के रघुराज स्टेडियम के नजदीक होटल टोपाज मे सुबह 9 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। ज़ज्बा के साथ मिलकर शाहेदा फाउंडेशन और ख्वाब वेलफेयर फाउंडेशन भी सहयोग करेगा। इस शिविर को प्रोत्साहित करने बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## आज सवा लाख बातियों से होगी महाआरती

# श्री पीताम्बरा पीठ में माता बगलामुखी को 56 भोग

**बिलासपुर।** श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा में बगलामुखी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पीताम्बरा पीठ के आचार्य डा. दिनेश महाराज ने बताया कि इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन 14 मई से प्रारंभ है। जिसमें माता श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार किया गया।



15 मई को ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी जयंती पर छप्पन भोग का भोग मातारानी को लगाया गया। बगलामुखी देवी जयंती पर रात्रिकालीन हवनात्मक महायज्ञ प्रारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि 16 मई को सवा लाख बत्तीयों की महाआरती होगी। 19 मई को पूर्णाहुति अभिजीत मुहूर्त में किया जाएगा। इस पावन पर्व पर प्रतिदिन मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, श्रृंगार, देवाधिदेव महादेव श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का सुबह रुद्राभिषेक, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी देवी का श्री सूक्त षोडश मंत्र से अभिषेक, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का पूजन श्रृंगार एवं रात को हवनात्मक महायज्ञ किया जा रहा है। आचार्य डॉ.दिनेश महाराज ने बताया कि माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करने वाली देवी है।

## थाने में नहीं दी जा रही किराएदारों की जानकारी, ठेला- गुमटी की आड़ में अपराधिक घटनाओं को दे रहे अंजाम

# दूसरे प्रदेशों से आए 30 हजार से अधिक लोग रह रहे शहर में, नहीं हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर खूंखार अपराधियों की पनाहगार बन गया है। यहां दूसरे प्रदेशों से आए 30 हजार से अधिक लोग ठेला, गुमटी, फेरी लगाकर धंधा कर रहे हैं। ऐसे बाहरी लोगों की पुलिस जांच तक नहीं कर रही है। ठेला गुमटी की आड़ में इन लोगों के द्वारा अवैध कारोबार व अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है पुलिस को भनक तक नहीं लग रही है।

यूपी के गैंगस्टर, डकैती, हत्या के आरोपी पिछले 4 साल से हिर्री क्षेत्र के बेलटुकरी के यार्ड में किराए के मकान में छिपकर रह रहे थे। खूंखार आरोपी लोगों की आंख में धूल झोंकने के लिए टायर पंचर की दुकान व ईट भठ्ठा में काम कर रहे थे। जबकि आरोपी रात के अंधेरे में हथियारों से लैस होकर बड़े पैमाने पर मवेशी व गांजा की तस्करी कर रहे थे। उनके पकड़े जाने के बाद यूपी, महाराष्ट्र के खूंखार अपराधियों की पहचान हो पाई। इसी तरह लंबे अरसे से शहर में बाहरी प्रदेश के लोगों की शहर में बाढ़ लग गई है।

उनके द्वारा शहर के सभी प्रमुख चौक चौराहे पर नारियल, फल, चाट, गुपचुप, मोमोज, जलेबी, नाश्ता ठेला, हाथ सिगड़ी लेकर काला चाय बेचने के बहाने फेरा लगा रहे हैं। आखिर ये ठेला लगाने वाले कौन हैं? यहां उनको क्यों आना पड़ा? ठेला गुमटी लगाने के बाद रात में इनकी गतिविधि क्या रहती है? पुलिस के पास बाहर से आकर ठेला गुमटी लगाने की कोई जानकारी नहीं है।

### लंबे समय से किराए के मकान में रह रहे

बाहरी प्रदेश से आने वाले लोगों को आसानी से शहर में किराए का मकान मिल जा रहा है। अधिकांश लोगों को यहां रहते बरसों हो गए हैं और वे आधारकार्ड तक बनवा चुके हैं। इन लोगों के द्वारा ठेला गुमटी लगाकर गुजर बसर किया जा रहा है। मजेदारबात ये है कि किराए में रहने वाले बाहरी लोगों का कोई पुलिस रिकार्ड भी नहीं है। पुलिस अधिकारियों के निर्देश के बाद भी मकान मालिकों के द्वारा किराएदारों की जानकारी थाने में नहीं दी जा रही है।



रेलवे परिक्षेत्र में इस तरह ढेरा डालकर रह रहे बाहर से आने वाले लोग।

### रेलवे परिक्षेत्र में ढेरावालों का जमावड़ा

रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र व सकरी, कोनी सहित शहर के आउटर में बड़ी संख्या में ढेरावालों का जमावड़ा हो गया है। दूसरे प्रदेश के लोग परिवार के साथ शहर में आकर टेंट तंबू लगाकर आराम से रह रहे हैं। लगातार उठाईगीरी व चोरी के बाद भी ढेरावालों की जांच नहीं की जा रही है। जबकि पूर्व में आटो में महिलाओं के गले से सोने की चेन चोरी करने वाली बाहरी महिलाओं को रेलवे क्षेत्र से पकड़ा गया था।

### लॉज, धर्मशाला में भी अड्डा

पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा बिना आईडी के किसी भी व्यक्ति को होटल, लॉज, धर्मशाला में रूम नहीं देने की हिदायत दी गई है। उसके बाद भी बाहर से आने वाले लोगों को शहर में आसानी से बिना आईडी के होटल, लॉज, धर्मशाला में कमरा उपलब्ध हो जा रहा है। शहर में संचालित अधिकांश छोटे होटल, लाज, धर्मशाला में बड़ी संख्या में बाहरी लोग रूक रहे हैं।

### अभियान चलाया जाएगा

समय समय पर बाहरी लोगों की जांच व पहचान की जाती है। होटल, लॉज, धर्मशाला में भी सरप्राइज चेकिंग की जाती है। कुछ लोगों के द्वारा किराएदारों की जानकारी दी जाती है। अब अभियान चलाकर किराए में रहने वाले लोगों की जांच कर रिकार्ड बनाया जाएगा।

**उमेश कश्यप**, एडीशनल एसपी

## खबर संक्षेप

### सकर्रा में लोक सुनवाई 19 जून को

बिलासपुर। तखतपुर ब्लॉक के ग्राम बेलमुण्डी एवं सकर्रा में स्थापित मेसर्स महावीर कोल वॉशरीज प्राइवेट लिमिटेड को पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 19 जून को लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है। ये लोक सुनवाई ग्राम सकर्रा के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल मैदान में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। कम्पनी ने अपनी वर्तमान उद्योग की विभिन्न इकाइयों के विस्तार के लिए पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायपुर में आवेदन किया है। स्वीकृति के पूर्व आम जनता का अभिमत जानने ग्राम सकर्रा में जिला प्रशासन द्वारा लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है।

### प्रशिक्षार्थियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

बिलासपुर। आईटीआई कोनी में संस्था के प्रशिक्षणार्थियों के लिए एंटरप्रेन्योरशिप अवेरनेस प्रोग्राम एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोगाम का आयोजन किया गया। उद्यमिता जागरूकता योजना अंतर्गत 2 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसके बाद उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### नर्मदा एक्सप्रेस का परिचालन 31 तक प्रभावित

बिलासपुर। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत राऊ-डा. अंबेडकर नगर सेक्शन के मध्य दोहरी लाइन कनेक्टिविटी का कार्य किया जा रहा है। इसके कारण बिलासपुर से चलने वाली नर्मदा एक्सप्रेस 15 मई से 30 मई तक प्रभावित रहेगी। वहीं इंदौर से चलने वाली इंदौर- बिलासपुर भी 16 मई से 31 मई तक प्रभावित रहेगी। इस यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पडेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनुसार अधोसंरचना विकास के लिए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत राऊ-डा. अंबेडकर नगर सेक्शन के मध्य दोहरी लाइन कनेक्टिविटी का कार्य किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप 15 मई से 30 मई तक बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर, नर्मदा एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन में समाप्त होगी तथा उज्जैन-इंदौर के बीच रद्द रहेगी। इसी प्रकार 16 मई से 31 मई तक इंदौर से चलने वाली 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा इंदौर-उज्जैन के मध्य रद्द रहेगी।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

बिलासपुर। एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस जांच में जुट गई है। सरकण्डा टीआई तोपसिंह नवरंग ने बताया, खमतराई इंदिरा आवास निवासी आशीष सूर्यवंशी पिता सेवाराम 19 साल रोजी मजदूरी काम करता था। बीती रात उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बुधवार की सुबह उसका दोस्त काम में जाने के लिए उसके घर बुलाने गया तब उसने उसकी फांसी पर लटकी लाश देखी। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

# सेंट्रल लाइब्रेरी : 275 सीट, 1600 स्टूडेंट्स, बैठने की जगह नहीं, इधर निगम नहीं खोल रहा फर्स्ट फ्लोर जिसमें 300 सीटों की सुविधा व 4000 किताबें ताले में बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- क्षमता से पांच गुना अधिक एडमिशन

व्यापमं, पीएससी समेत अन्य परीक्षाओं की बेहतर तैयारी करने प्रदेशभर से स्टूडेंट बिलासपुर पहुंचते हैं। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए निगम ने सरकंड़ा नूतन चौक के पास 2021 में सरकंडा में सेंट्रल लाइब्रेरी का निर्माण करवाया। लाइब्रेरी में पढ़ाई के बेहतर माहौल को देखते हुए परीक्षार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लाइब्रेरी में कुल सीट 275 उपलब्ध हैं। जबकि निगम ने 1600 बच्चों को एडमिशन दे दिया है। इसका नतीजा ये हो रहा है कि स्टूडेंट्स को सीट पाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। सीट नहीं मिलने से बैरंग लौटना पड़ रहा है। जबकि लाइब्रेरी के पहले तल में 300 सीटों की व्यवस्था है, जिसे निगम नहीं खोल रहा है, इसकी वजह से वहां मौजूद 4000 किताबें भी ताले में बंद हैं।

### फीस पूरी, सुविधा अधूरी

एक तरफ लाइब्रेरी में 275 सीट की जगह 1600 छात्रों को भर्ती कर लिया गया है। उनकी फीस में किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाती है। युवाओं से 700 रुपए और स्टूडेंट्स से 500 और बीपीएल से 300 रुपए तक प्रति महीने फीस वसूला जा रहा है। जबकि कई बार छात्रों को सीट नहीं मिलने से वापस घर लौटना पड़ रहा है। छात्रों ने बताया कि यहां कहने भर के लिए डिजिटल लाइब्रेरी है, जबकि इंटरनेट की स्पीड काफी धीमी है। ऐसे में पूरी फीस लेने के बाद भी यहां अधूरी सुविधा मिल रही है।



### एप्रोच से मिलता है एडमिशन

सेंट्रल लाइब्रेरी में एडमिशन लेने हर दिन 20 से 25 छात्र पहुंचते हैं। सीट की कमी होने का हवाला देकर लाइब्रेरियन नाम व नंबर नोट कर चलता कर देते हैं। इसके बाद लाइब्रेरी में एडमिशन पाने के लिए छात्रों को महीनों इंतजार करना पड़ता है। लाइब्रेरी के ही छात्रों ने बताया कि यहां एडमिशन के लिए निगम के अधिकारी व जनप्रतिनिधि के पास सिफारिश करवाते हैं तो उन्हें तत्काल एडमिशन मिल जाता है।

### कंप्यूटर एजुकेशन के नाम पर वसूल रहे फीस

लाइब्रेरी के थर्ड फ्लोर में कंप्यूटर की सुविधा दी गई है। जिसे निगम ने दिल्ली की एक एंजेसी को स्टार्टअप करने वाले लोगों की सुविधा के लिए ठेका पर दे रखा है। इससे यहां एडमिशन लेने वाले युवाओं से 2500 रुपए और परीक्षार्थियों से 2000 रुपए लिया जाता है। इसका नतीजा ये हो रहा है कि यहां की आधी सीटें खाली पड़ी है। वहीं मोटी फीस की वजह से लाइब्रेरी पहुंचने वाले परिक्षार्थी पढ़ाई के लिए कंप्यूटर का उपयोग नहीं कर पाते हैं।

### आचार संहिता के बाद खोलेंगे फर्स्ट फ्लोर

लाइब्रेरी के फर्स्ट फ्लोर में फर्नीचर सेटअप लगाकर इसे पूरा कर लिया गया है, लेकिन आचार संहिता की वजह से फिलहाल खोल नहीं रहे हैं। आचार संहिता खत्म होने के बाद फर्स्ट फ्लोर को स्टूडेंट्स के लिए खोल दिया जाएगा। लाइब्रेरी में एडमिशन की प्रकिया पूरी पारदर्शी है, वेटिंग लिस्ट में जिस छात्र का नाम पहले है उसे ही पहले एडमिशन दिया जाता है।

**- अमित कुमार**, आयुक्त नगर निगम बिलासपुर

कार्रवाई: कलेक्टर के सक्रिय होते ही चंद घण्टे में पकड़े गए चोर व खरीददार कबाड़ी

# सिक्यूरिटी गार्ड ने मकान मालिक के साथ सिम्स में की थी एसी कापर वायर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कबाड़ी के पास से 72 हजार का कापर वायर मिला

कलेक्टर के सक्रिय होते ही चंद घण्टे में पुलिस ने सिम्स से कीमती एसी के कापर वायर चोरी करने वाले जिला अस्पताल के सिक्यूरिटी गार्ड, उसके मालिक व खरीददार कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से चोरी गए 72 हजार के कापर वायर बरामद कर लिए गए हैं।

43 डिग्री की तापमान में सिम्स में भर्ती मरीजों की हालत खराब हो रही है। यहां के 30 से ज्यादा एसी बंद पड़े हैं। बताया जाता है कापर वायर चोरी होने से एसी बंद थे। शिकायत पर मंगलवार को कलेक्टर अवनीश शरण जायजा लेने सिम्स पहुंच गए थे। इस दौरान जानकारी मिली कि 27 मार्च से 8 अप्रैल के बीच मेल मेडिकल वार्ड में लगे 9, आईसीसीयू 2 नेत्र रोग वार्ड के 1, लेबर वार्ड के 2, टीवी चेस्ट वार्ड के 2, मनोरोग वार्ड के 2 एसी का कापर वायर चोरी कर लिए गए, जिनकी कीमत 72 हजार रुपए है। कलेक्टर श्री शरण ने सुरक्षा में तैनात सिक्यूरिटी गार्ड को तलब कर लापरवाही बरतने पर जमकर फटकार लगाई और तत्काल एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया। उसके बाद डा. विवेक शर्मा ने चोरी की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई। कोतवाली टीआई विजय



चौधरी, गोकुल जांगड़े, नुरूल कादिर अपने क्षेत्र के कबाड़ियों से पूछताछ करना शुरू किया। इस दौरान जानकारी मिली कि एक युवक एसी कापर वायर बेचने के लिए दुकान में आया था, वह उसको पहचानता है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने तारबाहर क्षेत्र में दबिश देकर जिला अस्पताल के सिक्यूरिटी गार्ड तारबाहर निवासी किशन आडिले पिता स्व. दिलीप आडिले 28 साल, उसके मकान मालिक प्रदीप कचेल पिता मोहन कचेल 33 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने सिम्स से एसी कापर चोरी कर टिकरापारा मन्नू चौक स्थित गणेश मौर्य पिता स्व. शंकरलाल मौर्य 50 साल के पास बेचना बताया। कबाड़ी मौर्य को पकड़कर चोरी का कापर वायर बरामद कर लिया है। आरोपियों ने 72 हजार का कापर वायर कबाड़ी के पास 4 हजार रुपए में बेच दिया था। पुलिस ने कापर वायर जब्त कर दोनों युवक व कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।

**सिम्स** भीषण गर्मी में मरीज बेहाल, दो दर्जन एसी बंद, चोर ले गए कॉपर वायर, कलेक्टर ने सिक्योरिटी एजेंसी पर दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

43 डिग्री तापमान में सिम्स में भर्ती मरीजों की हालत खराब हो रही है। यहां 30 से ज्यादा एसी बंद पड़े हैं। इनके कॉपर वायर चोरी कर लिए गए, इसके बावजूद प्रबंधन की लापरवाही चरम पर है। इस बात की जानकारी लेने मंगलवार को कलेक्टर अवनीश शरण सिम्स पहुंचे और हालात का जायजा लिया। जांच के दौरान उन्होंने एसी के कॉपर वायर की चोरी पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और सुरक्षा में चूक करने वाली सिक्यूरिटी एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स में मरीज गर्मी से हलाकान हैं। यहां लगे कई एसी के बंद हैं। उसके कॉपर वायर चोरी कर लिए गए। प्रबंधन की लापरवाही के चलते चोरी की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। सिम्स की लचर व्यवस्था की लगातार मिल रही शिकायत पर मंगलवार को कलेक्टर अवनीश शरण ने सिम्स का निरीक्षण किया। सुरक्षा में चूक करने वाले गार्डों को फटकार लगाते हुए सुरक्षा एजेंसी बुंदेला सर्विसेस के खिलाफ सिटी कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। कलेक्टर श्री शरण ने 18 एसी को अविलंब ठीक करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री शरण ने मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल के प्रवेश द्वार पर ही स्ट्रेचर और व्हील चेयर की व्यवस्था करने कहा। साथ ही व्हील चेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध होने की सुविधा का बोर्ड भी लगाने के लिए कहा।

- मरीजों को मिलेगी स्ट्रेचर और व्हील चेयर की सुविधा



वार्ड में भर्ती महिला मरीजों से इलाज और व्यवस्था की जानकारी लेते कलेक्टर अवनीश शरण।



मरीजों को गेट पर व्हील चेयर देने की व्यवस्था की गई।

**लेबर वार्ड के कूलर में नहीं था पानी**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लेबर वार्ड का भी जायजा लिया। वहां कूलर में पानी की व्यवस्था नहीं होने पर प्रबंधन के अधिकारियों को लापरवाही नहीं बरते की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए स्पष्ट कार्य विभाजन किया जाए ताकि मरीजों को दिक्कतें नहीं हो। कलेक्टर ने इसके अलावा एमआरडी कक्ष, आई वार्ड, आईसीयू, मनोरोग वार्ड, टीबी चेस्ट वार्ड, मेल मेडिकल वार्ड सहित अस्पताल के अन्य वार्डों का बारिकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ एसके नायक, उप अधीक्षक डॉ. विवेक शर्मा सहित पीडब्ल्यूडी एवं सीजीएमसी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पंखा, बैटरी भी चोरी, नहीं दर्ज करवाई एफआईआर**

कलेक्टर के निर्देश के बाद प्रबंधन ने एफआईआर कराई है, लेकिन सच ये है कि इससे पहले गार्ड और मरीजों ने स्वयं ही चोरों को चोरी करते हुए पकड़ा है और चौकी में पुलिस के हवाले भी किया है लेकिन प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों ने पल्ला झाड़ते हुए कभी भी एफआईआर दर्ज नहीं कराया। प्रबंधन पहले ही अगर चोरों पर नकेल कसते हुए उन पर कार्रवाई करता तो मरीज और परिजन को गर्मी में परेशान नहीं होना पड़ता।इससे पहले पंखे, बैटरी भी चोरी हो चुके हैं।सब कुछ सीसीटीवी में देखा जा सकता है लेकिन प्रबंधन हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

**पीडब्ल्यूडी काम में है फिसड्डी**

कलेक्टर श्री शरण ने सिम्स के चप्पे चप्पे का निरीक्षण किया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया गया और पीडब्ल्यूडी ईई सीके पांडेय को फटकारते हुए सिम्स के टॉयलेट का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के किचन शेड में ही मरीजों के परिजन भोजन बनाएं, ऐसी व्यवस्था की जाए।

हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद न केवल कापर वायर के चोर पकड़े गए बल्कि खराब एसी को मरम्मत के लिए भेजा गया।



कलेक्टर की फटकार के बाद बुधवार को 8 एसी सुधार के लिए सर्विस सेंटर भेजा गया। बाकी को अस्पताल में ही सुधरवाएंगे।

### जिला अस्पताल में चोरी कर चुका है

पकड़ा सिक्यूरिटी गार्ड किशन आडिले ड्यूटी के दौरान कई बार जिला अस्पताल के एसी का कापर वायर चोरी कर बेच चुका है। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखाई गई। इससे उसके हौंसले बुलंद हो गए और वह लगातार सिम्स में जाकर एसी का कापर वायर चोरी करने लगा, किन्तु इस बार उसकी होशियारी धरी की धरी रह गई और वह सलाखों के पीछे पहुंच गया।

### कबाड़ी दुकान में खपा रहा सामान

पिछले दिनों पुलिस के आला अफसरों ने सक्रियता दिखाते हुए सिरगिट्टी क्षेत्र के यदुनंदन नगर में इमरान, काली मंदिर के बाजू में फिरोज मेमन, परसदा में भोलू व पेण्ड्रीडीह में युसूफ कबाड़ी के गोदाम में छापा मारकर बड़ी संख्या में चोरी के लोहे का सामान बरामद किया था। उसके बाद भी कबाड़ी बेखौफ होकर चोरी का सामान खरीदी बिक्री कर रहे हैं।

# हैप्पी स्ट्रीट में दो गुटों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल



बिलासपुर। सोशल मीडिया में हैप्पी स्ट्रीट में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट कर दबंगई करने का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य युवकों की पतासाजी की जा रही है।

कोतवाली टीआई विजय चौधरी ने बताया, मंगलवार को सोशल मीडिया में हैप्पी स्ट्रीट में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट का वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली। वीडियो देखने के बाद मारपीट करने वाले बदमाशों की पहचान कार्रवाई में लग गए। काफी मशक्कत के बाद दो युवकों की पहचान करने के बाद मारपीट कर दबंगई करने वाले दीपक पटेल पिता जानकी पटेल 23 साल आर्दशनगर सिरगिट्टी, विकास देवांगन पिता रामलाल देवांगन 19 साल अपोलो हास्पिटल के पास रामनगर निवासी को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने मारपीट करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने धारा 160 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### किन्नरों को खदेड़ा

पिछले कुछ समय से शाम होने के बाद हैप्पी स्ट्रीट में बड़ी संख्या में किन्नरों का जमावड़ा हो जाता है। जिसके चलते विवाद की स्थिति निर्मित होती है। दो दिन पहले टीआई श्री चौधरी ने हैप्पी स्ट्रीट में दबिश देकर किन्नरों को खदेड़ा था।

### नशेड़ियों का अड्डा

प्रतिदिन संभ्रात घर के लोग परिवार के साथ हैप्पी स्ट्रीट घूमने जाते हैं, किन्तु पिछले कुछ समय से यहां नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना लिया गया है। खुलेआम नशेड़ी यहां नशाखोरी करते रहते हैं, जिससे लोगों का वहां जाना मुश्किल हो गया है।

# मुखबिरी का आरोप लगाकर युवकों पर हमला, गिरफ्तार



बिलासपुर। पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाकर बदमाशों ने दो युवकों पर जान लेवा हमला करने वाले दोनों भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

14 मई को दोपहर 2.45 बजे तिफरा यादव नगर निवासी विकास कश्यप पिता सिद्धपाल कश्यप, सोनू यादव के साथ सामान खरीदने के लिए कार से शहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले के मुकेश कश्यप ने सोनू यादव को फोनकर मिलने के लिए राम मंदिर दक्ष आटो गैरेज के पास मिलने बुलाया। दोनों कार से उसके पास मिलने गए। वे कार से उतरकर जा रहे थे तब मुकेश, राकेश कश्यप पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाकर बेल्ट, लकड़ी के गुटका से ताबड़तोड़ जान लेवा हमला कर दिया था। टीआई भारती मरकाम, प्रवीण पाण्डेय, केशव मार्को, विरेन्द्र राजपूत ने तिफरा क्षेत्र में घेराबंदी करते हुए दोनों हमलावर राकेश कश्यप पिता घनश्याम कश्यप 26 साल यादव नगर तिफरा, उसके भाई मुकेश कश्यप को पकड़ लिया है। पुलिस ने धारा 307, 34 के तहत दोनो भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है।

# पैसा और मोबाइल की मांग कर सुपरवाइजर से मारपीट

बिलासपुर। पैसा और मोबाइल की मांग कर सुपरवाइजर से जमकर मारपीट की गई है। दूसरे कर्मचारी के आने पर हमलावर युवक भाग निकले। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ बलवा का जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, नयापारा शांतिपारा निवासी कन्हैया लाल यादव रेलवे में ठेकेदार के अंदर हाउस कीपर हैं। 14 मई की रात 11.30 बजे वे कोचिंग डिपो ड्यूटी में जा रहे थे। पुराना इंडियन आयल डिपो के पास 5 से 6 युवक उनके आफिस के सुपरवाइजर मो. कौशर के साथ पैसा व मोबाइल की मांग कर बेरहमी से मारपीट कर रहे थे। वे बीच बचाव करने गए तो कुछ युवक भाग गए।

वहीं दो लड़के खड़े हुए थे, विरोध करने पर दोनों युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की गई है। पुलिस ने कन्हैया की रिपोर्ट पर अज्ञात 5 से 6 लोगों के खिलाफ धारा 147, 294, 506, 323 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिम्स में प्रशासनिक बदलाव

# डॉ शर्मा को हटाया, डॉ.दास को उप अधीक्षक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- डॉ दास पहले रह चुके हैं सिम्स के अधीक्षक

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में कमी और लगातार आ रही शिकायत को लेकर हाईकोर्ट के संज्ञान के बाद अब यहां प्रशासनिक बदलाव भी शुरू हो गया है। बुधवार को सिम्स के उप अधीक्षक पद से डॉ.विवेक शर्मा को हटा दिया गया। उनकी जगह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.आरके दास को सिम्स अस्पताल के उप अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ.दास इससे पहले सिम्स अस्पताल के अधीक्षक का पद सम्हाल चुके हैं। ऐसे में अब उन्हें प्रबंधन ने उप-अधीक्षक की जिम्मेदारी दी है। सिम्स डीन डॉ.केके सहारे ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार प्रशासनिक बदलाव किया जा रहा है। ताकि अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा मिल सके।

# कोटा में पेयजल, बिजली समस्या, अवैध उत्खनन भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- विधायक अटल श्रीवास्तव ने डिप्टी सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

पेयजल की समस्या, विधुत आपूर्ति में परेशानी से लेकर अवैध रेत उत्खनन के मामले में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कोटा में पेयजल आपूर्ति हेतु बोर खनन विधुत आपूर्ति हेतु आवश्यक सुधार की मांग की।

कोटा विधानसभा में लगातार सरपंच, जनपद सदस्य एवं कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा पेयजल की आपूर्ति नहीं होने की शिकायत विधायक को प्राप्त हो रही थी। सुदूर आदिवासी अंचल के ग्राम में पीने की पानी को लेकर कई बार विधायक ने कोटा एसडीएम और बिलासपुर कलेक्टर को जानकारी दी। पीएचई के अधिकारियों को नए बोर करने हेतु गर्मी के पूर्व ही प्रस्ताव बनाकर भेजा गया, लेकिन आचार संहिता का नाम लेकर अधिकारी काम करने से बचते रहे। इसलिए पानी की समस्या गंभीर होती गई। बुधवार को विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव ने ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुचकर कलेक्टर की अनुपस्थिति में अतिरिक्त कलेक्टर कुरूवंशी को उपमुख्यमंत्री जो कि जल संसाधन मंत्री हैं के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक ने तत्काल आवश्यकतानुसार बोर खनन करने और जल जीवन मिशन का काम तेजी से प्रारंभ करने की मांग की। साथ ही विधुत आपूर्ति को लेकर भी पत्र में उल्लेख किया गया कि बड़ी संख्या में ट्रांस्फार्मर खराब हो गएं हैं तो विधुत तार एवं पोल भी जर्जर है। इनकों बदला जाना आवश्यक है। क्षेत्र में चल रहे रेते के अवैध उत्खनन को लेकर भी इसे रोकने की मांग की गई। साथ ही ग्रामीणों को निजी मकान बनाने हेतु रेत परिवहन करने तथा ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्य हेतु रेत परिवहन में छुट प्रदान करने की मांग की गई।



कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपते कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव।

### समस्या दूर करने प्रयास जारी

विधायक अटल श्रीवास्तव ने इस दौरान उम्मीद जताई कि शासन और प्रशासन जल्द इस पर ध्यान देगा। उन्होंने बताया कि पेयजल समस्या को देखते हुए एक पानी का टेंकर उपलब्ध कराया गया है जिसे ग्राम पंचात धुमा में रखा गया है। जिस ग्राम पंचायत ने या पंचायत के वार्डो में पानी की समस्या होगी वहा टेंकर द्वारा जल आपूर्ति किया जाएगा। वहीं तेदुआ जोन के ग्राम पंचायत कुसमुली, कोसकट्टी गोड़पारा में बोर खनन का काम भी विधायक द्वारा प्रारंभ कराया गया। विधायक के साथ कोटा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी संदीप शुक्ला, आनंद जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, कुलवंत सिंह, शीतल जायसवाल, राजू सिदार, अरूण त्रिवेदी, अमीत गुप्ता लाला निर्मलकर, अफजल खान, मदन कहरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आबंटित आवासों का होगा भौतिक सत्यापन जोन कमिश्नर्स को 10 दिन का दिया समय

बिलासपुर। नगर निगम शहर में आबंटित आवासों का भौतिक सत्यापन करेगा। इसके लिए नगर निगम ने 15 मई को आदेश जारी करते हुए केंद्र प्रवर्तित आईएचएसडीपी आवास योजना अंतर्गत अलग अलग जोन में आबंटित 10 हजार 450 आवासों का भौतिक सत्यापन करने जोन कमिश्नर 1, 2, 3, 5 एवं 8 को निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्हें 10 दिन का समय दिया है।

नगर पालिक निगम बिलासपुर के आयुक्त ने बताया कि नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा केंद्र प्रवर्तित आईएचएसडीपी आवास योजना अंतर्गत 6612 आवास, वाल्मिकी अंबेकर आवास योजनांतर्गत 1250 आवास, शहरी व निर्धन आवास योजना अंतर्गत 194, अटल आवास योजना अंतर्गत 400, बीएमपीटीसी योजना अंतर्गत 100, प्रधानमंत्री आवास एएचपी के 1894 कुल 10 हजार 450 आवासों में रहने वाले परिवारों को आबंटन सूची अनुसार स्थल पर सर्वे कर भौतिक सत्यापन करने 10 दिन का समय दिया गया है।

इसके लिए जोन क्रमांक 1, 2, 3, 5 एवं 8 के जोन कमिश्नरों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय बिलासपुर में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान: हरिभूमि कार्यालय
रिंगरोड नं. 2, गौरवपथ बिलासपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07752-401052

## खबर संक्षेप



### पार्षद रमेश ने सब्जी मार्केट में लगवाया वाटर कूलर

**पेंड्रा।** वार्ड क्र. 12 विद्यानगर स्थित श्री शिव मंदिर के पास पौनी पसारी योजना द्वारा संचालित सब्जी मार्केट के पास पार्षद रमेश साहू ने पार्षद निधि से वाटर कूलर लगवाया है। इस अवसर पर लायंस क्लब से कविता थडलानी, संगीता छाबरिया, शारदा साहू, दीक्षा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान, राजा उपेंद्र बहादुर, विनय सूर्यवानी, राजू छाबरिया आनंद गोयनका व वार्ड वासी उपस्थित रहे। इसी क्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु साउंड सिस्टम प्रदत्त किया गया। गर्मी के मौसम में वाटर कूलर लगने से वार्ड के लोगों ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा।

### तखतपुर में श्रीमद् भागवत कथा 21 से

**तखतपुर।** श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 21 से 28 मई तक गुप्ता मोहल्ला में किया गया है। जिसमें आचार्य महेश तिवारी रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में भगवती प्रसाद गुप्ता, नीलू गुप्ता, महेश , रानू, शौर्य, सार्थक, सक्षम, सुरेश, रामेश्वर, निलेश, नवीन, विनोद, संजय, मनोज, आदर्श, लक्ष्मण, बसंत, राजेंद्र, सौरभ, रमाकांत, पार्वती, राजेंद्र, कमल, विमला, राजीव, मालती, प्रफुल्ल, स्वाती, रूपेश सहित अन्य लगे हुए हैं।

### तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर भालू ने किया हमला, मौत



**कोरबा।** एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गई हुई थी। इस बीच अलसुबह उसका सामना एक जंगली भालू से हो गया और भालू ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। महिला और भालू के बीच द्वंद होता रहा लेकिन कोई मदद नहीं मिली जिससे भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में वैधानिक कारवाई कर मृत महिला के परिजनों को वन विभाग की ओर से आर्थिक सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है। मामला कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज का है। बताया जाता है कि ग्राम सिमगा में निवास करने वाली सीताबाई 60 वर्ष पति मुखीराम रोज की तरह बुधवार की अलसुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गई हुई थी। जहां कक्ष क्रमांक ओए 689 पर तेंदूपत्ता तोड़ रही थी। इसी दौरान जंगल से भटककर एक भालू मौके पर आ धमका और सीताबाई से सीधा उसका सामना हो गया। सीताबाई और भालू के बीच द्वंद होता रहा। जहां भालू ने महिला पर हमला कर दिया और महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जब तक महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता सीताबाई की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौके पर मौत हो चुकी थी।

### उत्तर पुस्तिका, पुनर्गणना के लिए आवेदन 24 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा का परिणाम 9 मई को घोषित किया है, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सफलता अर्जित की है। परन्तु कुछ छात्र ऐसे भी हैं जो घोषित परिणाम से असंतुष्ट हैं या उन्हें पूरक घोषित किया गया है। ऐसे असंतुष्ट छात्रों को परीक्षा दिवस से 15 दिन के अंदर पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिका की छायाप्रति प्राप्त करने के लिए निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करना पड़ता है। इसके लिए मंडल द्वारा शुल्क का निर्धारण कर दिया गया है, जिसके साथ आवेदन करना होगा। अब ऐसे छात्रों के पास 24 मई तक आवेदन करने का अवसर है। इस अवधि में अगर वे अपनी शंका का समाधान करने आवेदन की प्रक्रिया नहीं करते हैं तो उन्हें अलग से समय नहीं मिल पाएगा।

सबसे कम अखरार की शराब दुकान के लिए लगाई गई बोली

# शराब दुकान अहाते के लिए लगी एक करोड़ की बोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में रेहूंटा स्थित शराब दुकान अहाता के लिए सबसे अधिक 1 करोड़ 10 लाख रूपए की बोली लगी। सबसे कम बोली अखरार स्थित शराब दुकान अहाता के लिए 1 लाख 9 हजार रूपए लगी। जिले में 15 में से 13 शराब दुकानों में अहाता के लिए आबकारी विभाग द्वारा आनलाइन टेंडर जारी किए गए। जिसमें 30 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्रदेश में अहाता नीलामी में सर्वाधिक प्रतिशत 300.06 प्रतिशत अधिक दर पर मुंगेली का रहा। जिले के 13 दुकानों में अहाता की नीलामी में 3 दुकानों के लिए ही राशि हो पाई।

प्रदेश की सत्ता बदलने के बाद शराब दुकानों में शीघ्र ही अहाता की सुविधा प्रारंभ होगी। उल्लेखनीय हैं कि, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में शराब प्रमियों को दो घूंट गला तर करने खेत-खलिहान से लेकर सार्वजनिक स्थानों को ठिहा बनाने मजबूर होना पडता था। प्रदेश में भाजपा की सत्ता आने के बाद आहाता के जरिए न सिर्फ राजस्व बढाने की पालिसी तैयार की गई हैं, बल्कि शराब प्रेमियों को आहाता में नियमतः पूरी सुविधा देने की तैयारी की गई है।



शराब दुकान में मिलेगी अहाता सुविधा।

जानकारी अनुसार जिले में देशी व विदेशी के करीब 15 दुकान संचालित हो रहे है। जिसमें से 13 दुकानों में अहाता के लिए आबकारी विभाग द्वारा सभी दुकानों के रोजाना गल्ला के हिसाब से बेसरेट निर्धारित किए गए है। इन सभी दुकानों के लिए निर्धारित बेसरेट के अनुसार टेंडर किया गया। अगर टेंडर के अनुसार रकम जमा हो जाती तो इन 13 दुकानों की नीलामी से आबकारी विभाग के खजाने में लगभग 5 करोड 99 लाख रूपए से अधिक की राशि जमा होती। अभी तक टेंडर प्रक्रिया से 19 लाख 50 हजार रूपए की आय हो चुकी है। जिले के 15 दुकानों में से केवल 13 दुकानों के अहाता की नीलामी हुई। 13 दुकानों के अहाता के लिए 30 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से गोड़खाम्ही शराब दुकान के अहाता के लिए सर्वाधिक 5 आवेदन आए।

### कई दुकानों के लिए जमा नहीं की गई राशि

मुंगेली के रेहूंटा शराब दुकान अहाता के लिए 1 करोड़ 10 लाख रूपए की अधिकतम बोली दुर्गेश साहू ने लगाई। सबसे कम बोली अखरार स्थित शराब दुकान अहाता के लिए 1 लाख 09 हजार रूपए लगी। उल्लेखनीय है कि जिले में मुंगेली में रेहूंटा स्थित देशी शराब दुकान, सरगांव, पथरिया, लोरमी, नवागांव घुठेरा रोड में दाऊपारा देशी शराब दुकान, अंग्रेजी शराब दुकान में दाऊपारा में अंग्रेजी शराब दुकान, मुंगेली रेहूंटा में कम्पोजिट देशी विदेशी शराब दुकान, लोरमी में अंग्रेजी शराब दुकान, अखरार में अंग्रेजी शराब दुकान, पथरिया में अंग्रेजी शराब दुकान, कम्पोजिट शराब दुकान के अंतर्गत जरहागांव, कंतेली एवं गोड़खाम्ही के लिए 30 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से पथरिया, अखरार एवं लोरमी के लिए ठेकेदारों द्वारा राशि जमा कर दी गई है। शेष दुकानों की राशि जमा नहीं होने पर विभागीय दिशा निर्देश अनुसार आगे की कार्यवाही के लिए विभाग से मार्गदर्शन मंगाया गया है।

### तीन ठेकेदारों ने जमा की राशि

जिले की 15 शराब दुकानों में से 13 दुकानों में अहाता के लिए 30 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से पथरिया, अखरार एवं लोरमी शराब दुकान अहाता के लिए ठेकेदारों द्वारा राशि जमा कर दी गई है। शेष दुकानों की राशि जमा नहीं होने पर विभाग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।
-प्रकाश पाल, सहायक आयुक्त, आबकारी विभाग मुंगेली



# अफसरों ने किया समर कैंप का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्कूली बच्चों के लिए समय का सदुपयोग करने उद्देश्य से खेलकूद, योगा, चित्रकला, गीत-संगीत, नृत्य, क्रिएटिविटी सहित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के लिए पीएमश्री स्कूलों में 13 मई से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला किरना पथरिया में आयोजित समर कैम्प का अवलोकन सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ओपी कौशिक द्वारा किया गया। प्रधान पाठिका आशा कौशिक ने बताया कि पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला किरना समर कैम्प में स्पोर्ट्स टीचर निर्मल जांगड़े एवं राजनंदिनी निराला द्वारा योगा एवं स्पोर्ट्स सामग्री और विभिन्न खेलों में उसके उपयोग की जानकारी तथा संगीत विशेषज्ञ सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रामकुमार राजपूत द्वारा हारमोनियम, ढोलक, तबला, मांदर आदि वाद्ययंत्रों से गीत-संगीत, स्वर-धुनों का अभ्यास बच्चों को कराया जा रहा है। चित्रकला/क्रिएटिविटी में शुभम कौशिक द्वारा बच्चों को चित्रकला की अभ्यास एवं आकृति, कला की जानकारी बच्चों को दी जा रही है। एडीपीओ अजय नाथ ने शिक्षकों को समर कैम्प के माध्यम से बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में दक्ष करने निर्देश देते हुए बच्चों को कार्यक्रम में अपने प्रतिभा विकास करने हेतु प्रेरित किए। प्रतिभा में वृद्धि के लिए निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू में विभिन्न आयु वर्ग में नेटबॉल का अभ्यास हेतु समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

# पथरिया में चोरों का धावा, एक साथ कई जगहों पर दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नगर में बीती रात चोरों ने एक साथ कई जगहों पर धावा बोला। चोरों ने थाने से कुछ मीटर दूरी स्थित घर के साथ कई घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपए के सामान चोरी कर ले गए। चोरी करने के बाद भागते हुए चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

- **लाखों के सोने चांदी समेत नकद रकम पार**

जानकारी के अनुसार मांगलवर की दरमियानी रात नगर के वार्ड क्रमांक 04 एंव 12 के घरों में धावा बोल कर ताला तोड़ दिए। एक घर से लाखों के जेवरात और नकदी रकम चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि गयाराम डडसेना निवासी वार्ड क्रमांक 4 खेती किसानी एवं दुकानदारी का काम करता है जो अपने पुराने मकान का मरम्मत एंव निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके कारण वह अपने घर से कुछ कदम दूर रामकुमर यादव के मकान मे पिछले 1 वर्ष से निवास कर रहा है। दिन मंगलवार की रात अपने परिवार के साथ खाना खाकर अपने अपने कमरे मे जाकर सो गए थे। सुबह 5:30 बजे ज़ब बाइक निकालने अपने निजी मकान मे गया तो घर के सामने गेट का ताला टूटा हुआ था तभी घर अंदर जाने पर कमरों के ताले भी टूटे हुए मिले साथ ही कमरों के अंदर रखे अलमारी एंव बड़ा बक्सा का भी ताला टुटा हुआ था साथ ही अलमारी मे रखे कपड़े के साथ सभी समान जमीन पर नीचे बिखरा पड़ा हुआ था। आलमारी मे रखी छोटी पेटी में से चांदी के 10 जोड़ी पायल, 10 जोड़ी बिछिया, हाफ कर्धन 3 नग हाफ बाजु बंद एंव सोने का एक नग अंगूठी, बटर दाना 12 नग छोटा छोटा 12नग मंचली पत्ती, फुल्ली 3 नग सभी सोने चांदी समान जिसकी अनुमानित क़ीमत लगभग 50 हजार रूपये के साथ 1 लाख 50 हजार नकद ले उड़े।

**घटनास्थल पहुंची डाग स्कवायड -** नगर में विभिन्न जगहों मे चोरी की बड़ी घटना होने की सूचना पर मुंगेली पुलिस की उच्च अधिकारी घटना स्थल पहुंचे जहां वारदात स्थल का जांच करने पड़ताल करने बाद चोरो की पतासाजी के लिए मौके पर डाग स्कवायड को लाया गया जहां डाग चोरी हुए मकान के आसपास कुछ और घरो की तरफ गया फिर डाग लौट गया।



### जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी

पथरिया नगर के तीन घरों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। अभी तक सिर्फ थाने में एक ही व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस चोरी की घटना को अंजाम देने वाले लोगों की पतासाजी कर रही है। जल्द से जल्द अज्ञात चोरों को पुलिस पकड़ लेगी।
**-नवनीत पाटिल**, एसडीओपी पथरिया।

# मुख्य मार्ग से हटाया गया मछली बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

स्थानीय प्रशासन ने नगर के मुख्यमार्ग पर लगने वाले मछली बाजार को हटा दिया है। अब यह बाजार नए बस स्टैंड के गेट के पास लगेगा।

- **नए बस स्टैंड के गेट के पास लगेगा बाजार**

मुख्य मार्ग में मछली बाजार लगने से लोगों को आने जाने में बड़ी दिक्कत हो रही थी। मार्ग पर भीड़ होने के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही थीं। लोग बदबू से परेशान थे। कन्या गर्ल्स कॉलेज भी पास में है जिस समस्या को देखते हुए भाजपा पार्षद दल द्वारा तत्काल बैठक कर नगर पालिका अधिकारी भूपेश दीवान के साथ मछली बाजार हटाकर नया बस स्टैंड स्थित नाले के ऊपर स्लैप में लगाया गया। पुराना थाना स्थित चौपाटी में लाइट की समस्या देखते हुए लाइट की भी व्यवस्था की गई।

मुख्य मार्ग महाराणा प्रताप चौक में गटर में अत्यधिक दुर्घटना को देखते हुए तत्काल निराकरण करते हुए लोहे के स्लिप बनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित रहे नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बाला सिंह ठाकुर, पार्षद नैन लाल साहू, पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ,पार्षद शिव देवांगन, पार्षद कैलाश देवांगन पार्षद सुनील आहूजा पूर्व पार्षद संदीप साहू उपस्थित रहे।



### ध्रुव की भक्ति से प्रसन्न होकर प्रकट हुए भगवान



**तखतपुर।** सुभाष नगर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। स्व. उमेंद सिंह की प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के व्यासवाचक पं. शास्त्री विजयानंद पाठक (बालोदा) हैं। कथा श्रवण का समय दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है। श्रीमद् भागवत का द्वितीय दिवस की कथा में व्यास महराज ने अधर्म के उपर धर्म की बढ़ोतरी ,अधर्म के उपर धर्म का लाभ के बारे में बताया। उन्होंने राजा उत्तानपाद पुत्र ध्रुव जी के द्वारा भगवान की भक्ति के मार्ग में चलने, घोर तपस्या करने और तपस्या करने के उपरान्त भक्ति के माध्यम से भगवान को प्राप्त करने की कथा बताई। मुख्य यजमान भानु प्रताप सिंह ,सीमा देवी, मनमोहन सिंह, सुषमा सिंह हैं। इस अवसर पर उषा ठाकुर, दीप नारायण सिंह, संजू सिंह, राम नारायण सिंह, पुष्पा ठाकुर, दिनेश सिंह, आशा ठाकुर, योगेन्द्र सिंह, वासुदेव सिंह, आदित्य सिंह, विशु ठाकुर, अविनाश सिंह ,शंकर श्रीवास, पुनिराम यादव, गुड्डु पटेल, रामरतन पटेल, ऋषि, मन्नू, ओमप्रकाश, बब्बु पांडेय आदि उपस्थित रहे।

प्रक्रिया को विवाद से बचाने कराई गई वीडियोग्राफी

# आत्मानंद स्कूलों में लॉटरी पद्धति से बच्चों का प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के सत्र 2024-25 हेतु कक्षा एल.के.जी., यू.के.जी. कक्षा 1 से 6 वीं तक एवं कक्षा 11वीं व 12वीं के रिक्त सीटों पर लॉटरी से प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार सम्पन्न की गयी। लॉटरी प्रक्रिया में अनुविभागीय अधिकारी (रा) मुंगेली श्रीमती पार्वती पटेल एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय नाथ उपस्थित रहें।

सम्पूर्ण लॉटरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। शाला में कक्षा एल.के.जी., यू.के.जी तथा कक्षा 1ली से 12वीं तक कुल रिक्त सीट 387 के लिए कुल ऑनलाईन प्राप्त 1389 आवेदनों में से 677 पात्र पाए गए। जिनमें से अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों माध्यम में 127 रिक्त सीटों को लॉटरी के माध्यम से भरा गया एवं रिक्त सीटों से कम आवेदन प्राप्त होने के कारण 72 सीटों पर सीधे प्रवेश दिया गया। लॉटरी प्रवेश प्रक्रिया में तहसीलदार मुंगेली कुणाल पाण्डेय, प्रवेश प्रभारी राहुल वर्मा, व्याख्याता सांत्वना दत्ता, संध्या कुजूर, प्र.पा. मिडिल दीप्ति चतुर्वेदी, प्र.पा. प्राथमिक अमृता पात्रे, राहुल यादव, नवीन रात्रे, शिक्षक एल.पी. पाटले, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, बंशीलाल कुम्हार, राकेश साहू सहित सभी कक्षा शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।



लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराते अधिकारी।

### सरगांव में अफसर रहे मौजूद

**सरगांव।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए लॉटरी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया हुई। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पथरिया नाथूराम ध्रुव, संजय त्रिपाठी सीएससी, रेखाराम राजपूत सीएससी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी एवं पालक इस मौके पर उपस्थित रहे। संस्था की प्राचार्य स्नेहलता चंद्र ने बताया कि एलकेजी से लेकर 11वीं तक की कक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों का चयन समिति के द्वारा परीक्षण कर पात्र छात्रों की सूची के माध्यम से कक्षा रिक्त स्थान के आधार पर लॉटरी से प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। नगर अध्यक्ष परमानंद साहू ने कहा कि पिछली कांग्रेस शासन काल में विद्यालय तथा विकास समिति को लेकर कई प्रकार की बातें सामने आ रही थी। इस बार ऐसी स्थिति उत्पन्न होने नहीं दी जाएगी।

### पेंड्रा स्कूल में भी लाटरी प्रक्रिया संपन्न

**पेंड्रा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेण्ड्रा में सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन एवं ऑफलाईन आवेदन 10 अप्रैल से 10 मई 2024 तक आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षणोपरान्त 1, 3, 8वीं एवं 11वीं कक्षा की पात्र/अपात्र सूची जारी की गई। दावा आपत्ति निराकरण के पश्चात दिनांक 14 मई को अंतरिम सूची जारी की गई, कक्षा 1, 3, 8वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों हेतु लॉटरी की प्रक्रिया दिनांक 15 मई समय पूर्वाह्न 10:00 बजे से स्थान स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पेण्ड्रा में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से बीईओ आर एन चंद्रा , डीईओ प्रतिनिधि के रूप में मुकेश कोरी एवं प्राचार्य सेजेस पेंड्रा वीके वर्मा सर और अभिभावक समिति के लोग रहे। लॉटरी की प्रक्रिया लेक्चर जुनैद हसन लेक्चर दशमीत कौर एवं लेक्चर सुजाता शुक्ला द्वारा की गई।

## परीक्षा परिणाम

### अवनि, आयुष, जूही को मिली दसवीं में सफलता



**गौरेला/पेंड्रा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा संचालित दसवीं बोर्ड परीक्षा में जूही मिश्रा ने 93.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा, अवनि अग्रवाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा एवं आयुष अग्रवाल ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया। अवनि और जूही विज्ञान विषय लेकर आगे पढ़ना चाहती है। आयुष वाणिज्य संकाय में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। तीनों मेधावी छात्र डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सारबहरा, गौरेला में अध्ययनरत है। जूही डीएवी स्कूल सारबहरा के प्राचार्य कमलनयन मिश्रा, कुड़कई डीएवी स्कूल की प्राचार्य रश्मि मिश्रा की पुत्री है। अवनि पूर्व एल्डरमैन बालकृष्ण अग्रवाल एवं आभा अग्रवाल की सुपुत्री है। आयुष अग्रवाल मंगलम क्लॉथ शॉप के संचालक दामोदर अग्रवाल एवं गीता अग्रवाल के सुपुत्र है। सभी बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों एवं अभिभावकों को दिया है।

### डोंगरिया स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंड्री स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरिया का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं के छात्र युवराज पटेल ने 85प्रतिशत अंक एवं रेशमी जायसवाल ने 85 प्रतिशत अंक हासिल कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त की। नोमिता जायसवाल ने 82.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल की। तरुण कुमार पटेल ने 81 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त की। हायर सेकेंड्री परीक्षा कक्षा 12वीं से कला संकाय से संदीप पटेल 76.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नंद किशोर साहू 75.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं राहुल यादव ने 71 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय से गोदावरी साहू 75.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हुलसी जायसवाल 72प्रतिशत अंक एवं विजय लक्ष्मी साहू ने 72 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भावेश कुमार साहू ने 70.80 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय से दुर्गेश्वेरी साहू 82.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, शीतला निषाद ने 79.80 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान हासिल किया। नंदनी साहू ने 73.20 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रही। शाला के प्राचार्य रमाशंकर यादव ने कहा कि हमारा यह शिक्षण संस्थान प्रदेश में शिक्षा का सिरमौर है। यहां से पढ़े छात्र छात्राएं देश के प्रति निष्ठा रखते हैं।

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय मुंगेली



**मुंगेली।** त्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में कक्षा 10वीं में कुल 18 छात्र-छात्रा सम्मिलित हुए। जिसमें 08 प्रथम, 04 द्वितीय, 01 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 76.47 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम रक्षा साहू 85.7, द्वितीय अनिश 81.2, तृतीय स्थान पर आकांक्षा 72.2 रहीं। इसी तरह कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में कुल 18 छात्र-छात्रा सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम 05 एवं 08 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं का परिणाम 76.47 प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में प्रथम कु. काजल साहू 71.8, द्वितीय प्रियंका 66.4 एवं तृतीय स्थान पर सीमा 63.2 रहीं। उक्ताशय की जानकारी विद्यालय की प्राचार्य आशा दिवाकर ने दी।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन



**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में कक्षा 12वीं कॉमर्स की छात्रा प्रिंशी गुप्ता ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। 12वीं कॉमर्स की छात्रा संगीता साहू ने 76.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त की। कक्षा 10वीं में सुदीप वर्मा कक्षा 10वीं ने 94.44 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शाउमाशा मोपका का परीक्षा परिणाम



**बिलासपुर।** शाउमाशा मोपका विकास खंड बिल्हा का कक्षा 10 वीं सत्र 2024 का परीक्षा परिणाम काफी अच्छा रहा। शाला की प्राचार्य अर्चना एस जोशी ने बताया कि शाला में कुल दर्ज 93 छात्र-छात्राओं में से 90 विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में शामिल हुए। इसमें प्रथम श्रेणी में 35 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी में 50 व तृतीय श्रेणी में 2 विद्यार्थी रहे। वहीं 2 विद्यार्थी पूरक तथा 1 छात्र फेल रहा। शाला में प्रथम दीपांजली साहू ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं द्वितीय मीनाक्षी साहू 91.83 प्रतिशत, तृतीय अंकित केंवट 88 प्रतिशत तथा चतुर्थ आकृति यादव का 83 प्रतिशत रहा। शाला का परीक्षा फल 96.6 प्रतिशत रहा। प्राचार्य अर्चना एस जोशी, श्याम कुमार उरांव, पन्नगेश पाण्डेय, अजय कुमार तिवारी, प्रमिला पाल, देव कुमारी साव, श्यामली त्रिपाठी, प्रणिता भूरे, सतीश कुमार तंबोली, शैलेष कुमार कुम्भकार, सविता नावरे, निशा ठाकुर, दीक्षा बंजारे ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।



### राजपूत समाज धूमधाम से मनाएगा महाराणा प्रताप जयंती

**लोरमी।** राजपूत समाज के युवा मोर्चा द्वारा राजपूत क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से महाराणा प्रताप जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। समाज के सभी लोगों द्वारा पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया 9 जून को जयंती मनाई जाएगी। जिसमें बाइक रैली व शोभायात्रा का रूपरेखा तैयार कर सभी लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में संजय सिंह, पंचू सिंह, अशोक सिंह, शेर सिंह, बलराज सिंह, युगल किशोर, पंकज सिंह, कुश सिंह, अनिल सिंह, महावीर सिंह, जितेन्द्र सिंह, अमर देव, सतीश सिंह, गणेश सिंह, उमेश सिंह, रामकुमार सिंह, सुदर्शन सिंह, सालिक सिंह, नंद कुमार, अनिरुद्ध सिंह, विनोद सिंह, हरिश्चन्द्र, रमेश सिंह आदि उपस्थित रहे।